■ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी..

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

(वर्ष-8 अंक -27)
पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 07 अगस्त, 2023



▶ एयरपोर्ट की तरह दिखेगा कानपुर सेंट्रल स्टेशन ▶ कोई सोने से रोकता है तो दर्ज करा सकेंगे मुकदमा ▶ मोदी जी की विचारधारा कहां से कहां तक

## अमृत भारत स्टेशन स्कीम: देश के 508 रेलवे स्टेशनों का होगा कायाकल्प

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अमृत रेलवे स्टेशन के शिलान्यास कार्यक्रम का उद्घाटन रिमोट के जरिए किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत रेलवे स्टेशन के शिलान्यास कार्यक्रम में देशभर के 508 रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य की आधारशिला रखी। इस दौरान रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव, भाजपा के कई वरिष्ठ और दिग्गज नेता भी मौजूद थे इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया में दक्षिण अफ्रीका, यूक्रेन, स्वीडन, यूके जैसे देशों में जितना रेल नेटवर्क है भारत ने अकेले 9 साल में रेल ट्रैक बनाए गए है। भारत का लक्ष्य है कि रेलवे और सुलभ और सुखद बनाई जाए। यात्रियों की सुविधा के लिए



प्लेटफॉर्म पर बैठने के लिए अच्छे वेटिंग रूमों का निर्माण हो रहा है। हजारों स्टेशनों पर मुफ्त इंटरनेट भी उपलब्ध होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष हर अच्छे काम का विरोध करता है। विपक्ष ने संसद भवन की नई इमारत का विरोध किया। शहीदों के लिए वॉर मेमोरियल का निर्माण नहीं करवाया। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी जाने पर भी विपक्ष को आपत्ती है। सरदार पटेल को विपक्ष नमन नहीं करता है। वो ना ही काम करेंगे और ना ही करने देंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विकसित होने के लक्ष्य की तरफ भारत कदम बढ़ा रहा है। भारत वर्तमान में अपने अमृतकाल में है। अभी नए अध्याय की शुरुआत हो रही है, जिसे लिखा जा रहा है। भारत में 1300 रेलवे स्टेशनों में से 508 रेलवे स्टेशनों का अमृत भारत स्टेशन के तहत पुनर्विकास किया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में लगभग 25 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 30 वर्षों ये पूर्ण बहुमत की सरकार बनी है। दुनिया में भारत की साख मजबूत हो रही है। उन्होंने रेल मंत्रालय का जिक्र करते हुए कहा कि ऐतिहासि कदम के लिए रेल मंत्रालय की सराहना करता हूं। सभी देश वासियों को भी बधाई। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया भारत को देख रही है। भारत की वैश्विक स्तर पर साख भी बढ़ी है। भारत के प्रति दुनिया का रवैया बदला है, जिसमें भारत के लोगों ने तीन दशक बाद पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई है। शहर के रेलवे स्टेशन भी शहर की पहचान से संबंधित होते है। स्टेशनों पर पहुंचकर ही शहर की पहली तस्वीर दिखती है, जिससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

इस दौरान प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बताया कि प्रधानमंत्री ने जिन रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखी, उनमें उत्तर प्रदेश और राजस्थान के 55-55, बिहार के 49, महाराष्ट्र के 44, पश्चिम बंगाल के 37, मध्य प्रदेश के 34, असम के 32, ओडिशा के 25, पंजाब के 22, गुजरात एवं तेलंगाना के 21-21, झारखंड के 20, आंध्र प्रदेश तथा तमिलनाडु के 18-18, हरियाणा के 15 व कर्नाटक के 13 स्टेशन शामिल हैं। पीएमओ ने बताया था कि इस पुनर्विकास परियोजना की लागत 24,470 करोड़ रुपये होगी और इसके तहत यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। उसने बताया था कि स्टेशन भवनों का डिजाइन स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला से प्रेरित होगा।

पीएमओ ने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी अक्सर अत्याधुनिक सार्वजनिक परिवहन के प्रावधान पर जोर देते हैं और रेलवे लोगों के लिए परिवहन का पसंदीदा साधन है। उसने कहा था कि मोदी ने रेलवे स्टेशन पर विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के महत्व को प्राथमिकता दी है। पीएमओ के मुताबिक, प्रधानमंत्री के इस दृष्टिकोण के मद्देनजर 1,309 स्टेशन के पुनर्विकास के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू की गई है। उसने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्रधानमंत्री ने रविवार को 508 स्टेशन के पुनर्विकास कार्य की आधारशिला रखी।

## न्यूज संक्षिप्त

### चंद्रयान 3 भारत की अंतरिक्ष यात्रा में लिखता नया अध्याय

भारत का महत्वाकांक्षी मून मिशन चंद्रयान-3 लगातार सफलता की सीढ़ियों को पार करते हुए अपने मिशन की ओर आगे बढ़ रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो के मुताबिक पांच अगस्त को %चंद्रयान-3% सफलतापूर्वक चंद्रमा की कक्षा में स्थापित हो गया है। ये भारत का तीसरा चंद्रयान मिशन है जिसे चंद्रमा पर भेजा गया है। चंद्रमा के रहस्यों को जानने की दिशा में भारत लगातार कोशिशें कर रहा है। इस सतह का बार बार अवलोकन करने वाले दो रोबोटिक अंतरिक्षयान भेजकर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है। भारत वर्ष 2008 में चंद्रमा की सतह पर पहुंचने वाला चौथा देश बना है।

इसके बाद 2009 में चंद्रयान 1 ने चंद्रमा पर पानी की खोज की है। चंद्रयान 2 मिशन का मिशन का ऑर्बिटर पिछले चार वर्षों से लगातार काम कर रहा है। वहीं अब 14 जुलाई को श्रीहरिकोटा से चंद्रयान 3 की सफलतम उड़ान से पूरा भारत गौरवान्वित है।

### नूंह हिंसा को लेकर 'आप' के हरियाणा संयोजक पर हत्या का केस

चंडीगढ़। हरियाणा में आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयोजक अहमद जावेद के खिलाफ नूंह हिंसा मामले में हत्या का मामला दर्ज किया गया है। एफआईआर के मुताबिक, 31 जुलाई को सोहाना में हुई हिंसा के दौरान जावेद ने भीड़ को बजरंग दल नेता प्रदीप कुमार की हत्या के लिए उकसाया था। प्रत्यक्षदर्शी पवन कुमार, एक अन्य बजरंग दल कार्यकर्ता, जो हमले के समय प्रदीप कुमार के साथ थे, ने पुलिस को बताया कि जावेद ने लोगों के एक समूह के साथ उनके वाहन को रोका और उनसे प्रदीप पर हमला करने के लिए कहा, जो नलहर मंदिर से पुलिस द्वारा बचाए जाने के बाद घर जा रहे थे।

### इमरान खान को 3 साल की कैद, घर से हुए गिरफ्तार

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को भ्रष्टाचार के एक मामले में शनिवार को 3 साल जेल की सजा सुनाये जाने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। अदालत के इस फैसले के बाद वह 5 साल तक किसी भी सार्वजनिक पद पर आसीन नहीं हो सकेंगे। इस्लामाबाद स्थित जिला एवं सत्र अदालत के अतिरिक्त न्यायाधीश हुमायूं दिलावर ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के प्रमुख इमरान (70) पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। उन्हें 2018 से 2022 के बीच प्रधानमंत्री के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान राजकीय तोहफे अवैध रूप से बेचने का दोषी ठहराया गया है। अदालत ने कहा कि तोशाखाना से लिये गये तोहफों के बारे में सूचना मुहैया करने में उन्होंने धोखेबाजी की, उनकी बेईमानी संदेह से परे साबित हुई है। तोशाखाना, कैबिनेट प्रभाग के तहत एक विभाग है, जो शासकों और सरकारी अधिकारियों को अन्य सरकारों व विदेशी गणमान्य लोगों द्वारा दिये गये तोहफों को संग्रहीत रखता है। खबरों के अनुसार, इमरान को प्रधानमंत्री के तौर पर 14 करोड़ रुपये मूल्य से अधिक के 58 तोहफे मिले और उन्होंने उन सभी को बहुत कम राशि का भुगतान कर या बगैर किसी रकम की अदायगी किये अपने पास रख लिया। तोशाखाना मामला पिछले साल पाकिस्तान निर्वाचन आयोग की शिकायत पर दायर किया गया था। आयोग इससे पहले इसी मामले में इमरान को अयोग्य करार दे चुका था।

## राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि की शिकायत, सावरकर के रिश्तेदारों ने की मामले को ट्रांसफर करने की मांग



नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा कथित तौर पर विनायक दामोदर सावरकर की गई टिप्पणी के बाद उनपर मानहानि मामला दायर किया गया है। इसी कड़ी में सावरकर के पोते सत्यकी सावरकर ने पुणे की एक सत्र अदालत में एक आवेदन दायर कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के मामले को सक्षम अदालत में स्थानांतरित करने की मांग की है। सात्यकी ने इस साल अप्रैल में लंदन में हुए एक कार्यक्रम में सावरकर के खिलाफ कथित दुर्भावनापूर्ण टिप्पणी को लेकर पुणे की एक मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष राहुल गांधी के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मामला दायर किया था। अब इस मामले में सात्यकी ने अदालत के सामने एक आवेदन भी दायर किया है। इसमें उन्होंने मामले की सुनवाई करने वाली न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमएफसी) की अदालत इस मामले को बोझ समझ रही है। सात्यकी ने आशंका व्यक्त कि की इस मामले में निष्पक्ष और तर्कसंगत न्याय नहीं मिलेगा।

जानकारी के मुताबिक सात्यकी ने यह निष्कर्ष हाल की सुनवाई के दौरान जेएमएफसी अदालत द्वारा व्यक्त किये गये विचारों के आधार पर निकाला है। इसलिए हमने उक्त कार्यवाही को किसी अन्य सक्षम न्यायालय में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है। बता दें कि इस मामले में सत्र अदालत के समक्ष आवेदन स्वीकार कर लिया गया है और सोमवार को सुनवाई होने की संभावना है। ये जानकारी सात्यकी के वकील संग्राम कोल्हटकर ने दी है। 40 वर्षीय सात्यकी वी डी सावरकर के भाई नारायण दामोदर सावरकर के पोते हैं।

सात्यकी के मुताबिक, %%इस साल मार्च में लंदन में एक कार्यक्रम में बात करते हुए राहुल गांधी ने कहा था कि विनायक दामोदर सावरकर ने एक किताब लिखी है जिसमें लिखा है कि वह और उनके पांच-छह दोस्त एक मुसलमान के साथ मारपीट कर रहे थे और इससे प्रसन्न हो रहे थे। इसके बाद राहुल गांधी ने पूछा था कि क्या ये कदम कायरतापूर्ण नहीं है? इस पर सावरकर ने ऐसी कोई किताब नहीं लिखी है जैसा कि उनका दावा है और न ही ऐसी कोई घटना कभी हुई है।

### राहुल गांधी सदस्यता 24 घंटें में गई, अब शंकर कठेरिया पर कबतक फैसला होगा: दिग्विजय सिंह

मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने सवाल किया है कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला अब इटावा से भारतीय जनता पार्टी के सांसद रामशंकर कठेरिया को कब तक अयोग्य करार दिया जाएगा। हाल ही में आगरा की एक एमपी/एमएलए अदालत ने सांसद रामशंकर कठेरिया को दो साल की सजा सुनाई है।

सांसद रामशंकर कठेरिया उत्तर प्रदेश के इटावा से भाजपा के सांसद हैं। उन्हें आगरा की एक एमपी/एमएलए अदालत ने साल 2011 में एक निजी बिजली कंपनी के कर्मचारी के साथ मारपीट करने के मामले में अदालत ने दो वर्ष की सजा सुनाई है। बता दें कि जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाई गई थी तो उन्हें 24 घंटे के भीतर ही संसद से अयोग्य घोषित किया गया था। वहीं अब जैसे ही भाजपा सांसद रामशंकर कठेरिया पर ये फैसला आया उसके बाद कांग्रेस नेता ने भी इस फैसले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए दिग्विजय सिंह ने कहा, ''सांसद रामशंकर कठेरिया को सजा सुनाई गई है। सूरत की एक अदालत द्वारा मानहानि के एक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद राहुल गांधी को 24 घंटे के भीतर अयोग्य घोषित कर दिया गया था। वहीं अब जब भाजपा सांसद भी दोषी करार दिए गए हैं तो देखना जरुरी है ।

## पर्यटन, कृषि, चिकित्सा सहित कई क्षेत्रों में निवेश के लिए उप्र और मैक्सिको के बीच करार



उत्तर प्रदेश और मैक्सिको के प्रांत नुएवो लियोन के बीच पर्यटन, बुनियादी ढांचा, फार्मा, कृषि और चिकित्सा सहित कई क्षेत्रों में निवेश को लेकर शनिवार को एमओयू (समझौता ज्ञापन) हुआ। यहां जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नुएवो लियोन के गवर्नर सैमुअल गार्सिया सेफलवेदा की मौजूदगी में शनिवार को औद्योगिक विकास आयुक्त (आईआईडीसी) मनोज कुमार और नुईवो लियोन के अर्थ मंत्री इवान रिवास राडरिगेज ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मैक्सिको के गवर्नर और उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि उप्र और नुएवो लियोन के बीच आज मैत्री, विश्वास और सौहार्द से मजबूत औद्योगिक रिश्ते कायम हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश कारोबारी सुगमता के मामले में देश का अग्रणी राज्य है योगी ने कहा कि ये हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है कि नुएवो लियोन के गवर्नर अपनी टीम के साथ उत्तर प्रदेश में औद्योगिक निवेश के संभावनाएं तलाश रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत वैश्विक मंच पर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। बयान के अनुसार नुएवो लियोन के गवर्नर गार्सिया सेफलवेदा ने बताया, मेरे लिए ये सौभाग्य की बात है कि मैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी मंत्रियों से मिलकर आपसी व्यापारिक रिश्ते कायम कर रहा हूं। हम विभिन्न क्षेत्रों में एक साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं। उत्तर प्रदेश और नुईवो लियोन एक दूसरे के बहुत करीब हैं।

उन्होंने कहा, हम टीम यूपी को नुएवो लियोन में आमंत्रित करते हैं। हमें दोनों को पारस्परिक सहयोग से एक दूसरे के साथ कारोबार को बढ़ाना है। मुझे विश्वास है कि आज के एमओयू के साथ ही हम दोनों विकास और प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेंगे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, प्रदेश के मत्स्य मंत्री संजय निषाद, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी, नुएवो लियोन के उप निवेश सचिव इमैनुअल लू, उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र, आईआईडीसी मनोज कुमार सिंह और प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद मौजूद थे।

### ज्ञानवापी परिसर चला सर्वे, मुस्लिम पक्ष ने फिर दी बहिष्कार की चेतावनी

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने रविवार को तीसरे दिन ज्ञानवापी परिसर में पुरातात्विक सर्वेक्षण का काम शुरू किया, जो शाम पांच बजे तक चला। शासकीय अधिवक?ता राजेश मिश्रा ने रविवार शाम यह जानकारी दी। इस बीच, मुस्लिम पक्ष ने सर्वेक्षण को लेकर झूठी खबरें प्रसारित किए जाने का आरोप लगाते हुए प्रक्रिया से अलग होने की चेतावनी दी सरकारी वकील राजेश मिश्रा ने बताया, एएसआई ने रविवार को लगातार तीसरे दिन सर्वेक्षण कार्य शुरू किया। सर्वेक्षण टीम सुबह आठ बजे ज्ञानवापी परिसर में दाखिल हुई। सर्वेक्षण का काम शाम पांच बजे तक चला। दोपहर में दो घंटे तक भोजन के लिए सर्वेक्षण का कार्य रोका गया था। हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने बताया कि रविवार को तीनों गुम्बदों के नीचे वैज्ञानिक परीक्षण किया गया। वहां पर फोटोग्राफी, मानचित्रण और मापन का कार्य किया गया उन्होंने बताया कि तीन तहखानों की सफाई करा दी गयी है, व्यास जी के तहखाने का भी सर्वेक्षण किया गया है। सर्वेक्षण के काम में अभी समय लगेगा। इसके पहले सुबह हिंदू पक्ष के



अधिवक्ता सुधीर त्रिपाठी ने सर्वेक्षण के लिए परिसर में प्रवेश करने से पहले संवाददाताओं से कहा कि तीसरे दिन का सर्वेक्षण कार्य शुरू हो रहा है। उन्होंने बताया कि शनिवार को सर्वेक्षण के लिए डीजीपीएस समेत कई मशीनों का इस्तेमाल किया गया था ।

### श्रद्धा के पिता ने बताया, आफताब ने टायलेट में किए थे उसके शरीर के टूकड़े



श्रद्धा मर्डर केस में कोर्ट गवाहों के बयान दर्ज हो रहे है। इसी कड़ी में अपनी लिव इन पार्टनर की हत्या करने वाले आफताब अमीन पूनावाला के खिलाफ मृतका श्रद्धा वालकर के पिता विकास वालकर ने भी अदालत में बयान दर्ज करवाए है। श्रद्धा के पिता ने इस दौरान आपताब के बारे में अदालत में बताया है। उन्होंने कहा कि आरोपी आफताब ने अपनी 'लिव-इन' पार्टनर श्रद्धा की हत्या करने के बाद किराए के घर के शौचालय में उसके शरीर के टुकड़े किए। श्रद्धा के शरीर के टुकड़ों को करने के बाद उसने उन्हें छतपुर पहाड़ी पर फेंक दिया। आरोपी ने श्रद्धा की हत्या गला घोंटने से की थी। इसके बाद आरी की मदद से उसकी कलाई काटी और उसे कूड़े के थैले में डाला था। बता दें कि ये बातें श्रद्धा के पिता विकास मदन वालकर ने दिल्ली की एक अदालत के सामने गवाही के दौरान बताई है। बता दें कि इस मामले में आफताब अमीन पूनावाला के खिलाफ दिल्ली की साकेत कोर्ट हत्या और सबूत मिटाने के आरोप तय कर चुकी है वहीं श्रद्धा के पिता विकास वालकर ने बताया कि आफताब पूनावाला ने छतरपुर एन्क्लेव में 100 फुटा रोड पर शमशान घाट मंदिर (श्मशान भूमि मंदिर) के पीछे नाले पर पहुंचकर, ठीक उसी जगह की ओर इशारा किया जहां उसने श्रद्धा के शव के टुकड़े फेंके थे। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस ने बाद में उस स्थान से श्रद्धा की लगभग 13 हड्डियां बरामद कीं। दिल्ली की अदालत सनसनीखेज हत्या मामले में गवाहों की गवाही दर्ज कर रही थी। श्रद्धा वालकर आरोपी के साथ 'लिव-इन' संबंध में थी। उसकी पिछले साल 18 मई को पूनावाला ने कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी थी।



# संपादकीय

## फर्जी विश्वविद्यालय

यह हमारे तंत्र की विफलता ही कही जायेगी कि देश में युवाओं की जरूरत के अनुरूप विश्वविद्यालयों का अभाव ही रहा है। जो सरकारी विश्वविद्यालय व संस्थान देश में मौजूद हैं भी, वे समय की जरूरतों के साथ कदमताल नहीं कर पा रहे हैं। यही वजह है कि सुनहरे भविष्य की आकांक्षाओं के लिये छात्र निजी विश्वविद्यालयों की ओर उन्मुख हो रहे हैं। जहां अधिक फीस के बावजूद छात्र दाखिला लेते हैं कि उनका भविष्य सुधर सके। यह विडंबना है कि देश की गाल बजाते राजनेताओं ने कभी नहीं सोचा कि दुनिया में सबसे ज्यादा युवाओं के इस देश में शिक्षा पर अपेक्षित खर्च बढ़ाने की जरूरत है। जब हम दावा करें कि ये ज्ञान की सदी है तो हमारी कोशिश भी होनी चाहिए कि हर आम छात्र के लिये ज्ञान पाने के अवसर सहज-सरल ढंग से उपलब्ध हों। क्या भारत ऐसी शिक्षा व्यवस्था के बूते विश्व गुरु बनने का सपना देख सकता है? पिछले दिनों विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने बीस फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची जारी की है। साथ ही चेताया है कि इन विश्वविद्यालयों की डिग्री कहीं भी मान्य नहीं होगी। लेकिन सवाल यह है कि यह निर्णय लेने में इतनी देरी क्यों होती है? ये विश्वविद्यालय रातों-रात तो बन नहीं जाते। हजारों छात्र ऐसे होंगे जिन्होंने इन विश्वविद्यालयों में सालों पढ़ाई की होगी। भ्रामक विज्ञापनों व धनबल के आधार पर ऐसा माहौल तैयार किया जाता है कि यही विश्वविद्यालय सपनों का रास्ता है। क्या देश के सत्ताधीशों को नजर नहीं आता कि फलां विश्वविद्यालय कानूनी अर्हताएं पूरी नहीं करता। विडंबना देखिये कि हाल में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने जिन बीस विश्वविद्यालयों को जाली घोषित किया है उनमें से आठ राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में ही हैं, जहां देश के शिक्षा से जुड़े तमाम नियामक संस्थान स्थित हैं। आखिर वहां कैसे लंबे समय से कथित फर्जी विश्वविद्यालय चल रहे थे? सवाल यह भी कि उन छात्रों की क्षतिपूर्ति कैसे होगी, जिन्होंने इन विश्वविद्यालयों से डिग्री हासिल की है? निस्संदेह, आज शिक्षा के मंदिर व्यापार का केंद्र बन गये हैं। मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय का दर्जा हासिल करके तमाम ऐसे शिक्षण संस्थान देश में खुल रहे हैं। ऐसा लगता है कि देश में डीम्ड यूनिवर्सिटियों का सैलाब-सा आ गया है। विभिन्न धंधों से पैसा कमा कर नये-नये अमीर बने बहुधंधी लोग अब विश्वविद्यालय खोलकर समाज में प्रतिष्ठा हासिल करने का खेल कर रहे हैं। सीमित संसाधनों वाले लोगों के बच्चे बेहतर भविष्य की आस में इन विश्वविद्यालयों में दाखिला लेते हैं। ऐसे में इन संस्थानों को फर्जी घोषित करने के बाद इन छात्रों व इनके अभिभावकों पर क्या गुजरेगी, कल्पना करना कठिन नहीं है। ये छात्र इन डिग्रियों के आधार पर न तो आगे पढ़ सकते हैं और न ही नौकरी के लिये आवेदन कर सकते हैं। आखिर व्यवस्था की चूक का खमियाजा ये छात्र क्यों भुगतने को अभिशप्त हैं? आखिर उनके पैसे और अमूल्य समय की पूर्ति कौन करेगा?

# दवाओं की गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली लागू करें

**विपक्ष ने इस बिल का संसद में सामूहिक बायकाट किया था। इसके विरोध में खड़े लोगों का दावा है कि सरकार न्यायपालिका के अधिकारों को सीमित करने जा रही है। नेतन्याहू को इसका डर बना रहता है कि उदारवादी सोच वाले जज 'रीजनेबिलनेस क़्लॉज' का इस्तेमाल करते हुए जिस तरह से नियुक्तियां रोकते रहे, किसी दिन भ्रष्टाचार के आरोप में उन्हें ही जेल का रास्ता न दिखा दें।18 जनवरी, 2023 को जेरूसलम के उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री नेतन्याहू को आदेश दिया था कि शास पार्टी के नेता आर्येह देरी को आंतरिक सुरक्षा व स्वास्थ्य मंत्री पद से अविलंब हटायें। कोर्ट की कड़ी टिप्पणी थी, 'एक ऐसा व्यक्ति जो टैक्स फ्राड व घूसखोरी का दोषी रहा है।**



वर्तमान में आर्थिक नीतियां बनाने वालों के लिए आमतौर पर लाइसेंस शब्द को खराब माना जाता है। फिर भी, मुक्त बाजार के पैरोकारों की संभावित आलोचनाओं के जोखिम पर सरकार को दवा निर्यात में लाइसेंस लेने को अनिवार्य अवश्य बनाना चाहिए। भारत ने 'विश्व का दवाखाना' खिताब अर्जित करके अच्छा नाम कमाया है लिहाजा दूसरे देशों को दवा निर्यात करने वाली कंपनियों को मनचाहा करने की छूट से इस साख को काफी नुकसान होने का अंदेशा मंडरा रहा है। 28 जुलाई को ब्लूमबर्ग ने रिपोर्ट में बताया था कि चेन्नई स्थित एक कंपनी द्वारा इराक को भेजी 'कोल्ड आउट' नामक खांसी सिरप के सैम्पल में स्वीकार्य मात्रा से 21 गुणा ज्यादा इथाइल ग्लाइकॉल पाया गया। यह परीक्षण अमेरिका की भरोसेमंद और विश्व स्वास्थ्य संगठन की मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला में किया गया।इससे पहले पिछले साल आई खबरों में, भारत में बनी खांसी सिरप से गाम्बिया और उजबेकिस्तान में बच्चों की मौत होने के आरोप लगे थे। इस साल अप्रैल माह में, ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मार्शल आइलैंड और माइक्रोनेशिया में खांसी की दवा के संदिग्ध सैम्पल पाए थे। यह सिरप भी एक भारतीय कंपनी का उत्पाद था। इसमें डाई-इथाइलीन ग्लाइकॉल और इथाइलीन ग्लाइकॉल नामक विषैले तत्व पाए गए, जो इंसानी शरीर के लिए घातक हैं। एक अगस्त को ब्लूमबर्ग की एक अन्य रिपोर्ट में बताया गया कि एक भारतीय दवा निर्माता ने घटिया गुणवत्ता वाली गर्भपात गोलियां एक गैर-सरकारी संगठन को बेचीं, जिसने आगे दुनियाभर में इन्हें बांटा। पिछले कुछ वक्त से भारतीय दवा निर्यातकों की ऐसी आपराधिक लापरवाही के अनेक मामले हैं जिनके परिणामवश गाम्बिया, इंडोनेशिया और उजबेकिस्तान में मौत होने के आरोप हैं और विश्व के अन्य हिस्सों के उपभोक्ताओं की निगाह में भारतीय दवाओं पर भरोसा टूटा।

भारत अपने दवा उद्योग की साख को इस तरह बट्टा लगते जाना गवारा नहीं कर सकता। भारतीय दवाओं को अफ्रीका में एड्स की सस्ती दवाओं से करोड़ों लोगों की जान बचाने के लिए याद रखा जाएगा। अन्य अंतर्राष्ट्रीय दवा निर्माताओं के मुकाबले भारतीय दवाओं की कीमत इतनी कम थी कि उनको भी जनाक्रोश के सामने झुककर अपनी दवाओं का मूल्य भारतीय दवाओं के स्तर पर लाना पड़ा। इस तरह अफ्रीका का आम इंसान हो या किसी देश का राष्ट्रीय स्वास्थ्य तंत्र, सबके लिए दवाएं वहन योग्य बनीं। विश्व का सकल दवा बाज़ार कई ट्रिलियन डॉलर का है। जबकि नवीनतम आंकड़ों के अनुसार भारत से दवा निर्यात लगभग 25 बिलियन डॉलर सालाना है। जितने मूल्य का व्यापार भारतीय दवा कंपनियां करने की संभावना रखती हैं, उसके बरअक्स यह आंकड़ा केवल सतह खुरचने जैसा है। अकेले जेनेरिक दवा उद्योग आसानी से 10 गुणा बढ़ सकता है, रोजगार पैदा कर सकता है और इतना टैक्स और पुनर्निवेशीकृत मुनाफा बन सकता है, जिसका मुकाबला आईटी उद्योग से इतर और कोई क्षेत्र नहीं कर पाएगा। आर्थिक रूप से मजबूत जेनेरिक दवा उद्योग नए मॉलिक्यूल्स के अनुसंधान एवं विकास के लिए निवेश कर सकता है और जेनेटिक दवाएं, सिंथेटिक बायोलॉजी एवं नूतन वैक्सीन के क्षेत्र में दाखिल हो सकता है।लेकिन इन तमाम संभावनाओं पर कुछ छोटे दवा निर्यातकों द्वारा बाजार में घटिया दवाएं उतारने और इन्हें बनाने में जो घटिया मूल सॉल्ट वे आयात करते हैं उसकी निगरानी तंत्र कमजोर होने की वजह से पानी फिर जाता है। यह तुरंत बंद होना चाहिए।

भारत को दवा उत्पादन प्रक्रिया और अंतिम उत्पाद के लिए कड़ी गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली को अनिवार्य करना होगा। एक बड़ी समस्या यह है कि गुणवत्ता का पैमाना राज्य से राज्य के बीच भिन्न है। इसको बदलना होगा और सभी सूबों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के लिए एक समान गुणवत्ता और संहिता होनी चाहिए। बेशक ठेके पर दवा उत्पादक इकाई बनाना, मूल्य संवर्धन के सबसे तेज तरीकों में एक है और इसको रोकने की बजाय बढ़ावा देना चाहिए, लेकिन भारतीय दवा उद्योग तंत्र के परिप्रेक्ष्य में दवा निर्यात में 'खुली छूट' वाला रवैया अपनाने की भी कोई वजह नहीं है।

भारत में लगभग 3000 दवा निर्माता और 10,000 उत्पादन इकाइयां हैं, जिन्होंने वर्ष 2021 में कुल मिलाकर 3.36 करोड़ रुपये मूल्य की दवाओं का उत्पादन किया। इसमें 75 फीसदी अंश चोटी की 50 कंपनियों का रहा। अर्थात् शेष प्रत्येक कंपनी की औसत बिक्री लगभग 85 करोड़ रुपये थी। इनमें कुछ भविष्य की 'सिप्ला' या 'सन फार्मा' हैं तो कुछेक वह भी, जो घटिया दवाएं बनाती हैं और जिनके लिए कहा जाता है कि सजा का प्रावधान नर्म करके जेल की बजाय जुर्माना भरना बनाया गया है।

भारतीय दवा गुणवत्ता नियंत्रक के पास इतने संसाधन नहीं हैं कि तमाम 10000 उत्पादन इकाइयों पर कड़ी निगरानी रखे और गुणवत्ता लागू करवा सके। पर सभी को दवा उत्पादकों को निर्यातक बनने की इजाजत नहीं होनी चाहिए, क्योंकि वे अपने उत्पाद की बिक्री गुणवत्ता के दम पर करने की बजाय बेचने की कला से खरीदार ढूंढ़ लेते हैं। बेचने के पैंतरों में एक सबसे सरल है, आयातक देश में किसी अधिकारी को रिश्वत देकर काम निकलवाना।

भारत को दवा निर्यात के लिए गुणवत्ता नियंत्रण निज़ाम अवश्य बनाना चाहिए। आवेदन भी केवल वही कंपनियां कर पाएं जिनकी बिक्री 1000 करोड़ रुपये से ऊपर हो। अपने ब्रांड की साख बचाने और नया बाजार बनाना उनके लिए स्वयमेव लाजिमी हो जाएगा। वे उन जैसा नहीं कर पाएंगी जो पैसा जल्दी बनाने की प्रवृत्ति के नतीजे में कोई त्रासदी या कांड घटित होने पर अपना धंधा बंद करके कहीं और जाकर इकाई लगा लेते हैं।

निर्यात होने वाले हरेक दवा की खेप की गुणवत्ता जांच हो, सैम्पलों की जांच भारत सरकार के मान्यता बोर्ड और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं से हो। तो क्या इसका मतलब है कि भारत के छोटे और लघु उत्पादकों के लिए निर्यात के दरवाज़े बंद हो जाएंगे? कतई नहीं, वे शुरुआत छोटे स्तर से करके, पहले घरेलू बाजार में और उन बड़े निर्यातकों को अपना माल बेच सकते हैं जो गुणवत्ता से समझौता नहीं करते। इस तरह अपने लिए पांव रखने की जगह बना सकते हैं, फिर पात्रता लायक बिक्री बनाने उपरांत निर्यात शुरू कर सकते हैं।'परनाला वहीं' रवैया भारतीय दवा उद्योग की इज्जत दागदार कर रहा है और इसकी संभावनाएं खत्म कर रहा है। गला-काट बाजार बनाने में बहुत से मुल्कों और उन कंपनियों की दिलचस्पी है जो भारत की साख को बट्टा लगवाना चाहते हैं। नीति-निर्धारकों को यह बात समझकर वह उपाय सुनिश्चित करने होंगे जिससे केवल गुणवत्ता के लिए प्रतिबद्ध उत्पादक हों और भरोसेमंद दवाओं का ही निर्यात हो पाए।

# स्वास्थ्य विभाग की नीद कब टूटेगी?

लचर स्वास्थ्य व्यवस्था उत्तर प्रदेश की पहचान बनती जा रही है । मूलभूत सुविधाओं से मरहूम जनपद के कई सरकारी अस्पताल आज मरीजों के जिंदगियों से खेल रहे। आलम यह है की डॉक्टर चोरी छिपे प्राइवेट प्रैक्टिस या डिलिवरी में व्यस्त है नही तो सरकती नौकरी छोड़ प्राइवेट चिक्तसालयों में 8 घंटे की ड्यूटी के लाखो कमा रहें । नर्स और वार्डन भी होम सर्विस के नाम पर बस घर आराम फरमा रही । प्राइवेट अस्पतालों की बाढ़ सी आ गई है , हर गली नुक्कड़ पर कोई न कोई झोला छाप अपना क्लिनिक खोल कर मरीजों को लूट रहा ।

जनपद जौनपुर के विकासखंडो और बजारो का आलम तो यह है की किसी भी नाम पर फर्जी रजिस्ट्रेशन करा के क्लिनिक खुले हुए है लोगो की भीड़ पहुंच रही । उधर उत्तर प्रदेश के एक अस्पताल में 16 महीनों में 60 से अधिक गर्भवती महिलाएं एचआईवी पॉजिटिव पाई गई हैं। मामले की जानकारी के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। फिलहाल, मामले में जांच के आदेश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के एक सरकारी मेडिकल कॉलेज में पिछले 16 महीनों में 60 से अधिक गर्भवती महिलाएं एचआईवी पॉजिटिव पाई गई हैं। अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की एक टीम भी इस पर नजर रख रही है।

मेरठ जिले के उक्त अस्पताल में एआरटी सेंटर की रिपोर्ट के बाद हुआ खुलासा,मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेरठ के लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज के एंटी-रेट्रोवायरल थेरेपी सेंटर की एक रिपोर्ट के बाद ये खुलासा हुआ। रिपोर्ट में बताया गया कि लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डिलिवरी के लिए आई 81 गर्भवती महिलाओं में एचआईवी की पुष्टि हुई थी। 81 एचआईवी पॉजिटिव महिलाओं में से कम से कम 35 प्रभावित महिलाओं ने बच्चों को जन्म दिया है। सेंटर की रिपोर्ट के मुताबिक, 2022-23 के बीच मेरठ के लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज में गर्भवती महिलाओं में एचआईवी के 33 नए मामले दर्ज किए गए। जुलाई 2023 तक 13 नए मामले दर्ज किए गए। इसके अलावा, 35 गर्भवती महिलाएं पहले से ही एचआईवी से प्रभावित पाई गईं।



पंकज कुमार मिश्रा ( जौनपुर )

**उधर उत्तर प्रदेश के एक अस्पताल में 16 महीनों में 60 से अधिक गर्भवती महिलाएं एचआईवी पॉजिटिव पाई गईं हैं। मामले की जानकारी के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। फिलहाल, मामले में जांच के आदेश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के एक सरकारी मेडिकल कॉलेज में पिछले 16 महीनों में 60 से अधिक गर्भवती महिलाएं एचआईवी पॉजिटिव पाई गई हैं।**

एच एलआईवी पॉजिटिव महिलाएं नवजातों का कैसा है हेल्थ? मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों ने बताया कि सभी प्रभावित महिलाओं का मेडिकल कॉलेज के एआरटी सेंटर में इलाज चल रहा है और वे ठीक हैं। नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य के बारे में पूछे जाने पर एआरटी सेंटर के नोडल अधिकारी ने बताया कि 18 माह पूरे होने पर नवजात बच्चों की एचआईवी जांच करायी जायेगी। इस मुद्दे पर पत्रकारों से बात करते हुए, मेरठ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. अखिलेश मोहन प्रसाद ने कहा कि मेरठ के लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज में 60 महिलाओं में एचआईवी के मामले सामने आए हैं।

हालांकि, सभी महिलाएं और नवजात बच्चे स्वस्थ हैं। महिलाएं कैसे हुईं शिकार , इसकी जांच जारी है । सीएमओ प्रसाद ने कहा कि हमारे पास प्रभावित महिलाओं का विवरण नहीं है। प्रभावित महिलाओं का विवरण और उन्हें एचआईवी कैसे हुआ इसके कारणों का पता लगाने के लिए एक टीम का गठन किया गया है। उल्लेखनीय है कि एचआईवी तब फैल सकता है जब संक्रमित रक्त, वीर्य या योनि तरल पदार्थ शरीर में प्रवेश करते हैं। यह असुरक्षित शारीरिक संबंध के दौरान या नशीली दवाओं के इंजेक्शन या टैटू बनाने के लिए सुई साझा करने से या संक्रमित व्यक्ति के खून वाली सुई फंसने से फैल सकता है। एचआईवी गर्भावस्था, प्रसव या स्तनपान के दौरान मां से बच्चे में भी फैल सकता है!

## बीते हुए वक्त कभी लौट आना

बीते हुए वक्त कभी लौट आना
मुझे फिर से
हंसना खिलखिलाना है।
बीते हुए वक्त कभी लौट आना
मुझे फिर से
मस्ती भरे लम्हों को जीना है।
बीते हुए वक्त कभी लौट आना
मुझे फिर
थक हारकर मां की गोद में सोना है।
बीते हुए वक्त कभी लौट आना
मुझे फिर
अधूरी मोहब्बत का किस्सा सुनाना है।
बीते हुए वक्त कभी लौट आना
मुझे फिर से
अपने यारों के साथ ही जीना है।
बीते हुए वक्त कभी लौट आना
मुझे फिर
बीता हुआ हर लम्हा जीना है।



**राजीव डोगरा:**
**कांगड़ा हिमाचल प्रदेश**

# भोजपुरी फिल्म 'जियरा हमार' का ट्रेलर जारी




श्री फिल्म्स विजन के बैनर तले बनी भोजपुरी फिल्म 'जियरा हमार' का ट्रेलर पिछले दिनों ओशिवारा, मुम्बई स्थित व्यंजन हॉल में आयोजित भव्य समारोह में जारी किया गया। भवर लाल लखेरा (पीह) द्वारा प्रस्तुत इस भोजपुरी फिल्म का वितरण अधिकार बॉलीवुड की चर्चित फिल्म वितरण संस्था मित्तल एडवरटाइजिंग एंड डिस्ट्रीब्यूशन के संचालक राजेश मित्तल के पास है।सज्जन बी राज द्वारा लिखित व निर्देशित इस भोजपुरी फिल्म के संगीतकार सुशांत अस्थाना, आशीष वर्मा, एस कुमार, सत्येंद्र हैं और गीतकार गणेश कुमार काजल, एस कुमार, आर एस प्रीतम, साई प्रकाश, डीओपी बलजीत गोस्वामी, एक्शन डायरेक्टर राहुल वर्मा, एडिटर धरम सोनी और डांस डायरेक्टर राहुल वर्मा हैं।इस फिल्म के मुख्य कलाकार आशीष पाठक, निखिल जायसवाल, सिकंदर, जहान्वी सोनी, राज जांगिड़, कुणाल रंजन, योगेश शर्मा, नीता गुप्ता, कलीम अख्तर और पंकज शर्मा हैं।

**प्रस्तुति:काली दास पाण्डेय**

# चिट्ठी न कोई संदेश ना जाने कौनसा देश जहां तुम चले गए



गोंदिया । वैश्विक स्तर पर आदि-अनादि काल से ज्ञात अज्ञात, चिन्हित अदृश्य ऐसे हजारों की संख्या में महामानव महापुरुष हुए हैं जिनका गुणगान सारी दुनियां में किया जाता है क्योंकि उन्होंने अपना जीवन केवल खुद और अपने परिवार और अपने राष्ट्र के लिए नहीं बल्कि पूरी दुनियां के लिए निछावर कर दिया, जिससे मानवीय जीवो को अनगिनत फायदे हुए जिसमें से कई को हम जानते हैं परंतु दुर्भाग्यपूर्ण कि अनेकों अज्ञात व अदृश्य भी ऐसे महामानव हो सकते हैं जिनकी सेवाएं पटल पर ज्ञात नहीं हो सकी जिसके कारण वे वैश्विक परिपेक्ष में अदृश्य रहे। महामानव की सेवाओंको चिन्हित कर अंतरराष्ट्रीय मंचों संस्थाओं द्वारा उन्हें प्रोत्साहन देने के लिए अनेक अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों, अवार्डों से नवाजा जाता है, इनमें नोबेल पुरस्कार एक ऐसा है जो दुनियां का सबसे बड़ा अवार्ड है। ठीक उसी तरह हर देश राज्य जिला शहर और सामाजिक स्तरपर भी अनेक सेवाभावी महामानव होते हैं जो अपने देश राज्य जिले और शहर समाज के लिए अपना पूरा जीवन निछावर कर देते हैं जिससे उनकी उस सेवा स्तर पर उस राज्य से समाज तक चैनल में उनका बड़ा योगदान होता है। हालांकि वह किसी अवार्ड या पुरस्कार या सम्मान के मोहताज नहीं होते उनका धर्म कर्म सिर्फ सेवा ही रहता है। ऐसे ही हमारे गोंदिया शहर के सिंधी समाज की सेवा में जमीनी स्तर से जुड़ा नाम स्वर्गीय सनमुख़दास जी भावनानी हैं, जिन्होंने अपनां जीवन समाज सेवा में समर्पित कर दिया उन्हें समाज में उस्ताद के नाम से जाना जाता है। चूंकि 7 अगस्त 2023 को उनकी 21वीं पुण्यतिथि है इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से उनकी सेवाओं की चर्चा करेंगे कि मानवीय जीव की पहचान धन दौलत से नहीं बल्कि सामाजिक व मानवीय सेवा से आदि अनादि काल तक उनके गुणगान से होती है ताकि सेवा क्षेत्र में समर्पित रहने वालों को एक प्रेरणा मिल सके और सेवा रूपी फूलों में से कोई एक फूल लेकर अपने जीवन में अपनाकर लोक परलोक को सफल बनाएं।साथियों बात अगर हम किसी भी क्षेत्र में निस्वार्थ सेवा के गुणों की शुरुआत की करें तो मेरा मानना है कि वह बड़े बुजुर्गों से फ्लो होती है। स्वर्गीय सनमुखदास जी को भी इन की प्रेरणा प्रख्यात समाजसेवी काका चोइथराम जी गलानी से मिली और फिर उनके ही सानिध्य में उन्होंने एक अनोखा सेवा कार्य शुरू किया जिसमें समाज के किसी जीव की अगर मृत्यु हो जाती है तो उनकी जानकारी सभी समाज बंधुओं को उनके घर घर में जाकर देना कि उनकी मृत्यु हुई है एवं उनका अंतिम संस्कार इतने बजे है। दूरदृष्टि से दूर के लोगों को टेलीफोन द्वारा इसकी सूचना भी दी जाती थी प्राथमिक स्तरपर उन्होंने अकेले कार्य शुरू किया फिर काका चोइथराम जी से मिलकर कुछ समाजसेवियों को साथ लेकर पूरे शहर के समाज में शुरुआत की सूचना निशुल्क सेवा भाव से पहुंचाते थे। स्वाभाविक रूप से यदि हम कोई सेवा इतनी विशालता से करते हैं तो हमारे खिलाफ चार विरोधी भी खड़े हो जाते हैं, जिसमें हमें अपनी सेवाओं का दायरा बढ़ाने में प्रोत्साहन मिलता है, इसी वाक्यात के साथ उन्होंने सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष पद का नामांकन भरा तो स्वाभाविक रूप से कुछ लोगों के रोंगटे खड़े हो गए क्योंकि एक गरीब अगर तन मन से सेवा करता है तो अच्छे-अच्छे उसके साथ खड़े हो जाते हैं परंतु यहां कुछ विपरीत हुआ कि वह सिर्फ 66 वोटों से चुनाव हार गए परंतु उन्होंने सेवा कार्य नहीं छोड़ा बल्कि एक संगठन सिंधी सेवादारी मंडल की स्थापना की जिसका काम किसी की मृत्यु हो जाने पर उसकी सूचनाएं पूरे समाज तक पहुंचाना और उसका पूरा क्रियाकर्म उसके परिवार के साथ मिलकर कराना इस संस्था का मुख्य उद्देश्य था, जिसमें स्व काका चोइथराम गलानी, स्व बुध्रमल चुगवानी, स्व गामनदास पर्यानी स्व गुलाब छतानी स्व आरके साइकिल, धर्मदास चावला, कमल लालवानी इत्यादि अनेक सेवादारों से मिलकर उत्साह पूर्वक सफलताओं की बुलंदियों तक पहुंचाया पर, होनी को कौन टाल सकता है, 7 अगस्त 2002 को वह काल के ग्रास में समा गए। उसके कुछ वर्षों बाद उनके अनेक सेवादारी सहयोगी भी काल के ग्रास में समा गए। परंतु सिंधी सेवादारी मंडल आज भी उसी जोश और सेवाओं के साथ अपनी सेवाएं युवा सेवादारियों के साथ उसी सेवा समर्पित भाव के साथ जारी रखे हुए है जो समाज के सामने एक मिसाल है, इसका संचालन आज के युवा साथी कर रहे हैं।साथियों उस्ताद के भजन कीर्तन के भाव की करें तो कुछ मंदिरों आश्रम विशेष रूप से भाई किशनचंद् जी के टिकाने में भजन कीर्तन करते थे परंतु विशेषता यह थी कि उन्होंने वहां से कभी भी एक रुपया भी नहीं उठाया। कीर्तन के दौरान उनके साज़ों पर जो भी पैसे आते थे वह आश्रम या मंदिर की दान पेटी में डाल देते थे। विशेष यह कि अपनी कोई भेटा भी नहीं लेते थे उनके साथ साज़ भी निशुल्क बजाते थे। बड़े बुजुर्गों का कहना है कि किसी भी परिवार खानदान की जो अच्छाई या बुराई है होती है वह आगे की पीढ़ियों में भी झलकती है, यह हम अपनी आंखों से देख रहे हैं कि उनके भजन और कीर्तन की स्तुति उनके पोतेनिखिल भावनानी में समाई है जो मात्र 4 वर्ष की उम्र से ही बिना किसी तकनीकी रूप से सीखने के गॉड गिफ्टेड के रूप में उनको मिली है। हारमोनियम से लेकर ढोलक तक अच्छे से से बजा लेते हैं। शब्द कीर्तन भजन करते हुए देखा जा सकता है। उनके अपने पैतृक गुरु के सत्संग घर हरे माधव दरबार में उनकी सेवाएं को देखा जा सकता है। वहां अपने पैतृक धरोहर कि एक रुपया भी नहीं उठाना है सभी दान पेटी में डालना है वाली प्रथा को कायम रखे हैं।

**किशन सनमुख़दास भावनानी**

## अपनी समस्या हमें बतायें

**आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।**
**दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।**

फोन नं.- 9335908846, bps.knp786@gmail.com

## आवश्यक सूचना

**प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे।**

**-सम्पादक**

## आवश्यकता है

**बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।**

**सम्पर्क करें -:**

मो.: 8423454502, 9335908846
email:bps.knp786@gmail.com

# डीएम ने सर्किट हाउस के मुख्यद्वार तक डेडीकेटेड मार्ग के निर्माण में आवश्यक कार्यवाही दिये निर्देश



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। जिलाधिकारी विशाख जी द्वारा सर्किट हाउस परिसर में निर्माणाधीन नवीन भवन का निरीक्षण किया गया। उक्त नीवन भवन का निर्माण लोक निर्माण विभाग के भवन खंड द्वारा कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान उपस्थित लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं, केस्को के अधिशासी अभियंता एवं अन्य उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए निर्माणाधीन नीवन भवन का कार्य युद्ध स्तर पर कराते हुए पूर्ण किया जाए। इस हेतु शिफ्टवार पर्याप्त मानव संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। निर्माणाधीन स्थल पर निर्माण सामग्री की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में सुनिश्चित की जाए, ताकि सामग्री के अभाव में निर्माण कार्य में किसी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न न हो।निर्माणाधीन नवीन भवन का सिविल कार्य को प्रत्येक दशा में 2 माह में पूर्ण कर लिया जाए।निर्माणाधीन नवीन भवन में आंतरिक साज-सज्जा हेतु विभागीय स्तर से धनावंटन हेतु अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग के स्तर से आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जाए, ताकि सिविल कार्य के पूर्ण होने के उपरांत यथाशीघ्र भवन के अवशेष कार्य को पूर्ण किया जा सके। निर्माणाधीन नवीन भवन से सर्किट हाउस के मुख्य द्वार तक के लिए डेडीकेटेड मार्ग के निर्माण के संबंध में भी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। अधिशासी अभियंता, केस्को को निर्देशित किया गया कि कि निर्माणाधीन नवीन भवन में विद्युत व्यवस्था हेतु अंडरग्राउंड केबल बिछाने एवं यूटिलिटी सिफ्टिंग आदि के संबंध में आवश्यक कार्यवाही को शीघ्रताशीघ्र पूर्ण कर लिया जाए। निर्माणाधीन भवन के अंदर प्रस्तावित 200 व्यक्तियों की क्षमता वाले बैठक कक्ष के लिए आवश्यक साउंड/कान्फ्रेंसिंग सिस्टम इत्यादि का स्पेसीफिकेशन शीघ्र निर्धारित कराकर शासन को प्रस्ताव प्रेषित किए जाने का निर्देश अधिशासी अभियंता( विद्युत यांत्रिक खंड) लोक निर्माण विभाग को दिए गए। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियंता, केस्को एवं अधिशासी अभियंता( विद्युत यांत्रिक खंड) लोक निर्माण विभाग उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने क्षतिग्रस्त सर्विस रोड का निरीक्षण कर दिए निर्देश



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । जिलाधिकारी विशाख जी् द्वारा कैण्टोनमेण्ट क्षेत्र स्थित झाड़ी बाबा आर0ओ0बी0 के नीचे क्षतिग्रस्त सर्विस रोड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक, सेतु निगम एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान उपस्थित सेतु निगम के उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। महाप्रबंधक, सेतु निगम यह सुनिश्चित करें कि स्टेटस क्लब से होते हुए झाड़ी बाबा चौराहा पुल के नीचे क्षतिग्रस्त मार्ग को तत्काल मरम्मत कराते हुए मोटरेबल कराना सुनिश्चित किया जाए।साथ ही सर्विस रोड में कतिपय स्थानों पर उपलब्ध स्थान के अनुसार सर्विस रोड का चोड़ीकरण किया जाना भी सुनिश्चित करें। महाप्रबंधक सेतु निगम को निर्देशित करते हुए कहा कि पुल के नीचे जल भराव की समस्या के समुचित निदान के संबंध में जल निकासी हेतु समुचित प्रबंध किया जाए एवं उक्त भाग में आर0सी0सी0 सड़क का निर्माण किया जाएगा। फ्लाईओवर की सर्विस रोड कतिपय स्थानों पर क्षतिग्रस्त पाए जाने के दृष्टिगत महाप्रबंधक, सेतु निगम को निर्देशित किया गया कि तत्काल इसकी मरम्मत कराई जाए, ताकि सुगम यातायात बना रहे।

# केजीएमयू पुरानी ओपीडी की तीसरी मंजिल से गिरी बच्ची

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।केजीएमयू के पुरानी ओपीडी की तीसरी मंजिल से खेलते हुए रैंप की साइड में लगी रेलिंग से बच्ची नीचे गिर गई। गुरुवार को करीब सुबह 9.15 बजे बच्ची के तीसरी मंजिल से गिरते ही ओपीडी परिसर में अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया। वहीं कर्मचारियों ने आनन फानन में संस्थान में स्थित ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करा दिया है।सूत्रों का कहना है कि बच्ची गोंडा की रहने वाली है।बच्ची को मोतियाबिंद से ग्रसित थी,बच्ची के परिजनों ने संस्थान की पुरानी ओपीडी की तीसरी मंजिल पर स्थित नेत्र रोग विभाग में दिखाने के लिए लाए थे।सूत्रों को कहना है कि तीसरी मंजिल पर जाने के लिए रैंप के द्वारा जाना होता है। जिसमें रैंप साइड में लगी रेलिंग में गैप होने के चलते बच्ची रेलिंग पार करते हुए नीचे गिर गई।मिली जानकारी के अनुसार बच्ची की हालत गंभीर बताया जा रहा,उसे आईसीयू में रखा गया है।

# गंगा टास्क फोर्स ने नंदेश्वर धाम मंदिर में किया वृक्षारोपण जन जागरूकता अभियान



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। भारतीय सेना की 137 सी ई टी एफ टी ए बटालियन 39 गोरखा राइफल गंगा टास्क फोर्स ने हाथी गांव में स्थित नंदेश्वर धाम मंदिर, सरसौल जिला कानपुर नगर में किया वृक्षारोपण जन जागरूकता अभियान। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ऋषभ वर्मा उप जिला अधिकारी नरवल, अनिल तोमर डिप्टी रेंजर वन विभाग एवं रमाशंकर तिवारी नेहरू युवा केंद्र कानपुर उपस्थित रहे। गंगा टास्क फोर्स के कमान अधिकारी कर्नल वेदव्रत वैद्य और कानपुर स्थित कंपनी कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल अनूप कुमार ओझा के दिशा निर्देश पर विगत 5 सालों से गंगा स्वच्छता अभियान,पौधा रोपण, घाटो की गश्त, जारुकता अभियान निरंतर कर रही है। इस अवसर पर गंगा टास्क फोर्स, वन विभाग और गांव वालों ने मिलकर मंदिर परिसर में वृक्षारोपण किया तथा गंगा टास्क फोर्स के सूबेदार समरजीत सिंह ने बताया कि वृक्षारोपण यानी वृक्ष लगाना प्रकृति को संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए और मानव जीवन के लिए पेड़ पौधे का होना अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है पेड़ पौधों के द्वारा ही हमें ऑक्सीजन प्राप्त होता है जिससे मानव जीवन संभव है इसलिए हमारे लिए वृक्षारोपण बहुत जरूरी है।

# बिल्हौर से लापता किशोरी घर से ही मिली,भाजपा विधायक ने आरोपियों से कहा कि ये सपा सरकार नहीं है,भूसा भर देंगे

कानपुर । कानपुर के बिल्हौर में बुधवार रात संदिग्ध हालात में एक किशोरी लापता हो गई। परिजनों ने हंगामा किया और दूसरे संप्रदाय के युवक पर आरोप लगाते हुए 10 लोगों के खिलाफ अपहरण समेत अन्य गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई ।इस दौरान बिल्हौर के भाजपा विधायक राहुल बच्चा सोनकर भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस हिरासत में बैठे आरोपियों से कहा कि ये सपा सरकार नहीं है,भूसा भर देंगेज। तुम लोगों ने हिन्दू लड़कियों को उठाने का टारगेट बना लिया है। जांच-पड़ताल के दौरान गुरुवार को पुलिस ने किशोरी को घर से ही बरामद कर लिया।

**अपहरहण और रेप समेत अन्य गंभीर धाराओं में दर्ज हुई एफआईआर**

डीसीपी पश्चिम विजय ढुल ने बताया कि 2 जुलाई की रात को बिल्हौर निवासी 14 वर्षीय किशोरी घर से संदिग्ध हालात में लापता हो गई। परिवार के लोगों ने संदेह के आधार पर किदवई नगर बिल्हौर निवासी अलीशान उर्फ साहिल समेत अन्य 8 नामजद व अन्य अज्ञात के खिलाफ किशोरी को बहला-फुसला कर भगा लेने की एफआईआर दर्ज कराई थी। दूसरे संप्रदाय के युवक के नाबालिग को भगा ले जाने के चलते सैकड़ों लोगों ने बिल्हौर थाने पहुंचकर हंगामा काटा। बवाल बढ़ता देख बिल्हौर विधानसभा के भाजपा विधायक राहुल बच्चा सोनकर भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने इस दौरान थाने के मुंशियाने पर पुलिस हिरासत में बैठे युवकों को धमकाते हुए कहाजितने भी संपर्क हों बच्ची को ढूंढ के निकाल दो, भूसा सबके भरा जाएगा समझ लेना। अब ये करोगे तुम लोग। हिन्दू लड़कियों को उठाने का टारगेट कर लिया है। टारगेट नहीं होगा, सपा की सरकार नहीं है, ये ध्यान रखिएज'। इसके बाद थाना प्रभारी, एसीपी और डीसीपी ने सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाकर पीड़ित परिवार और उनके साथ मौजूद लोगों को शांत कराया।

**देर रात पुलिस की 3 टीमों को तलाश में लगाया**

घटना की गंभीरता को देखते हुए किशोरी की बरामदगी के लिए 3 टीमों को लगाया गया। रात 2 बच्चे बच्ची घर से लापता हुई। करीब 3 बजे मामले में एफआईआर दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू कर दी। इसके बाद भोर में 5 बजे लापता बच्ची को उसके घर से ही बरामद कर लिया। जांच में पता चला कि किशोरी के पिता ने पीड़िता को स्वयं छिपाकर अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# व्यापारियों की समस्याओं के निस्तारण हेतु सड़कों पर होगा संघर्ष



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। समाजवादी पार्टी व्यापार सभा कानपुर महानगर के नव मनोनीत पदाधिकारियों सदस्यों एवं विधानसभा अध्यक्षों का पद वितरण एवं भव्य स्वागत समारोह आज सपा कार्यालय नवीन मार्केट में सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में संपन्न हुआ कार्यक्रम का संचालन महानगर उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू ने किया पद वितरण समारोह में व्यापार सभा के महानगर अध्यक्ष नंदलाल जायसवाल ने सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों सदस्यों एवं विधानसभा अध्यक्षों का सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद से परिचय कराकर उनके हाथों से सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र दिलवाया तथा नंदलाल जायसवाल ने सभी को माला पहनाकर भव्य स्वागत कियास्वागत समारोह की अध्यक्षता करते हुए सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा सरकार में व्यापारियों का सबसे ज्यादा उत्पीड़न किया जा रहा है कभी जीएसटी तथा अन्य टैक्स में लगातार बढ़ोतरी से छोटे छोटे व्यापारियों का व्यापार पूरी तरह चौपट होकर बंदी की कगार पर पहुंच गया हव्यापार सभा महानगर के अध्यक्ष नंदलाल जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा संगठन शहर के व्यापारियों की समस्याओं के निस्तारण हेतु सड़कों पर संघर्ष के माध्यम से आंदोलन करके भाजपा सरकार को मुंहतोड़ जवाब देगा हम व्यापारियों समस्याओं के निस्तारण हेतु 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे हम को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसको निभाने का पूरी निष्ठा व ईमानदारी से भरपूर प्रयास करूंगा सपा व्यापार सभा कानपुर महानगर में विधानसभा वार कैंप लगाकर शहर के व्यापारियों को समाजवादी पार्टी से जोड़ने का कार्य करेगी नंदलाल जयसवाल ने स्वागत समारोह में आए सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप लोगों ने अपना कीमती समय निकालकर कार्यालय में आए मैं इसके लिए आप लोगों का हमेशा आभारी रहूंगा सपा व्यापार सभा व्यापारियों को उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेगी स्वागत समारोह में सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद पार्टी के वरिष्ठ नेता केके शुक्ला वरिष्ठ महानगर उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू अयूब आलम परम वीर सिंह गंभीर सत्यनारायण गहरवार हाजी एहसान खान सुलेखा यादव हाजी इखलाक मिर्जा आशीष जैस्वाल मोहम्मद सगीर अहमद संदीप तिवारी मोहम्मद रिजवान अर्सलान अहमद आदित्य तिवारी दिनेश शुक्ला शुभम गुप्ता पंकज नागरथ सुधीर वर्मा राजेश सोनकर शुभम गुप्ता दीपू गुप्ता सुजीत गुप्ता राकेश पांडे श्री नाथ तिवारी सैयद आरिफ अनुराग मिश्रा दानिश मोईन मदनलाल जायसवाल आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।

# बंदरों का आतंक, खौफ से छत पर नहीं जाते लोग

## सुबह से ही राहों और छतों पर बंदरों की होती उछलकूद नजर हटते ही उठा ले जाते सामान विरोध पर कर देते हमला



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। कल्यानपुर जोन 6 में बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। आवास विकास तीन में कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जहां बंदरों के आतंक से लोग परेशान हैं। वहीं नगर निगम इस गंभीर मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए है। नगर निगम में बंदरों के आतंक को लेकर आये दिन शिकायतें आ रही हैं, लेकिन नगर निगम यह कह कर कन्नी काट ले रहा है कि वन विभाग से बंदरों को पकड़ने की अनुमति नहीं है ।आवास विकास चौकी के आसपास मोहल्लों में बंदरों का जबरदस्त आतंक बना हुआ है। वह लोगों के घरों में घुसने के साथ ही राह चलते लोगों के हाथों से सामान छीन रहे हैं और लोगों पर हमला कर रहे हैं। ऐसे में लोगों का रास्ते पर अकेले निकलना मुश्किल हो गया है। सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को उठानी पड़ रही है जिनके छतों पर पानी की टंकी बनी हुई है। पानी की तलाश में बंदर पानी की टंकी से जुड़े पाइपों को क्षतिग्रस्त कर दे रहे हैं। लंबे समय से बंदरों को पकड़ने की मांग हो रही है। लेकिन अब तक इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया है।

**आए दिन होती है छिटपुट घटना**

पहले बंदर नहीं आते थे। लेकिन अब रोजाना बंदरों की टोली आती है और खाने-पीने की चीजें दिखते ही उन्हें उठाकर ले जाते हैं। मेरे स्कूल के बच्चों को बंदरों से खतरा रहता है।

**- रत्ना सिंह, आवास विकास तीन**

बंदरों की संज्या लगातार बढ़ती जा रही है। आए दिन घर पर बंदर आ जाते हैं। बीते दिनों में माँ को भी घायल कर दिया। वो अब बंदरों के डर से छत पर नहीं जाती।

**- आलोक रंजन, आवास विकास तीन**

क्षेत्र में तो बंदरों का इतना ज्यादा आतंक है कि उनके घर पर रिश्तेदार भी आने से कतराते हैं। उन्होंने बताया कि बंदर उनके घर आने वाले रिश्तेदारों पर हमला करते हैं। हमने भी अपने घरों की बालकनी और खिड़कियों पर जाली लगा ली है। जिससे कि बंदर घर में न घुसें।

**- पंकज धरमानी, आवास विकास तीन**

# किशोरी की सर्पदंश से मौत

कानपुर । कानपुर के घाटमपुर में चारपाई पर लेटी किशोरी को सांप ने काट लिया। शोर सुनकर परिजन कमरे में पहुंचे, लेकिन तब तक किशोरी की मौत हो चुकी थी। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने किशोरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।घाटमपुर थाना क्षेत्र के अमरीपुर गांव निवासी लवकुश की बेटी 15 वर्षीय श्रद्धा हाईस्कूल की छात्रा थी। उन्होंने बताया की घर पर मां संगीता और दो भाई दो बहन हैं। वह खेती किसानी करके अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। उन्होंने बताया कि बीती रात उनकी बेटी श्रद्धा घर पर कमरे में चारपाई पर लेटी थी। तभी जहरीले सांप ने काट लिया ।किशोरी की चीख सुनकर परिजन पहुंचे तो किशोरी की मौत हो गई थी। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने किशोरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घाटमपुर थाना प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया की जानकारी मिली थी।

# आर्म्स एक्ट में फरार वांछित अपराधी के घर पर कुर्की का नोटिस चस्पा किया गया

कानपुर। आर्म्स एक्ट में फरार वांछित अपराधी के घर पर नरवल पुलिस द्वारा न्यायालय के आदेश पर कुर्की का नोटिस चस्पा किया गया। इसके साथ ही गांव में मुनादी कर ग्रामीणों को भी सूचना दी गई। पुलिस ने बताया कि नरवल थाना क्षेत्र के ग्राम खुजौली निवासी नन्दू पुत्र सोनी पर नरवल थाना में मुकदमा दर्ज है ।काफी दिनों से फरार चल रहे मुलजिम को पकड़ने के लिए पुलिस द्वारा कई प्रयास किए गए, लेकिन पुलिस को चकमा देकर आरोपी भागने में हर बार सफल रहा। न्यायालय के आदेश पर कुर्की वारंट पर आरोपी के खिलाफ नोटिस उसके घर में चिपकाया गया। इसके साथ ही गांव में ढोल बजाकर मुनादी भी करवाई गई ।लेकिन, जैसे ही नरवल पुलिस द्वारा नन्दू पुत्र सोनी के घर में नोटिस चिपकाया। आसपास के लोग भारी संख्या में घर के पास इकट्ठे हो गए। सभी लोग पुलिस से यह जानने की कोशिश करने लगे कि कौन से मामले में नोटिस चिपकाया जा रहा है। इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई। लोगों में वांछित अपराधी के इस कारनामा की जानकारी हुई तो सभी लोग अचंभित हो गए। पाली चौकी इंचार्ज लक्ष्मण ने बताया कि फरार आरोपी के घर में न्यायालय के आदेश पर नोटिस चस्पा की कार्रवाई की गई है।

# करंट की चपेट में आकर युवक की मौत

कानपुर । नर्वल निवासी मूलचंद्र प्रजापति के बेटे अंकित प्रजापति (30) की करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। वह सात भाइयों में सबसे बड़ा था। मां अनीता ने बताया कि बुधवार शाम कमरे में पंखे का प्लग लगाते समय वह करंट की चपेट में आ गया था। मृतक के परिवार में पत्नी अनीता और दो बच्चे आकांक्षा और अंश हैं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

# फाइलेरिया एमडीए अभियान के तैयारियों की हुई गहन समीक्षा

कानपुर। जनपद में 10 से 28 अगस्त तकचलने वाले सर्वजन दवा सेवन अभियान (आईडीए) राउंड को सफल बनाने के लिए जरूरी है कि हर पात्र लाभार्थी दवा का सेवन अवश्य करें ।दवा का सेवन आशा कार्यकर्ता के सामने ही करें। विकास भवन सभागार में शुक्रवार को आगामी फाइलेरिया आईडीए अभियान की तैयारियों को लेकर जिला समन्वय समिति की द्वितीय बैठक बैठक में यह बातें मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) सुधीर कुमार ने कहीं ।इस दौरान अभियान की सम्पूर्ण तैयारियों के बारे में गहन समीक्षा की गई।सीडीओ ने स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य सहयोगी विभागों से अभियान की तैयारियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बैठक में प्रभारी चिकित्साधिकारियों से अपने ब्लॉक में एमडीए गतिविधियों जैसे ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर के प्रशिक्षण पूर्ण होने की स्थिति, ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर की संख्या, सुपरवाइज़र की संख्या, दवा वितरण की कार्ययोजना (माइक्रोप्लानिंग) एवं आईईसी कार्ययोजना के बारे में विस्तृत जानकारी ली। साथ ही अभियान के सफल संचालन के लिए सभी विभागों व पार्टनर संस्थाओं से सम्पूर्णसहयोग लेनेके लिए निर्देशित किया।इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी आलोक रंजन ने बताया कि फाइलेरिया एक लाइलाज बीमारी है। इससे बचाव के लिए पांच साल तक लगातार साल में एक बार फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन अनिवार्य है ।यह दवा खाली पेट नहीं खानी है।दो वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को (गर्भवती और अति गंभीर बीमार लोगों को छोड़ कर) दवा खानी है ।

# विकास को लेकर शिलान्यास समारोह की डीआरएम ने परखी तैयारी

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर ।रेलवे प्रयागराज के मंडल रेल प्रबंधक हिमांशु बडोनी गुरुवार को सेंट्रल स्टेशन पहुंचें। उन्होंने छह अगस्त को सेंट्रल स्टेशन,अनवर गंज,पनकी धाम व गोविंदपुरी रेलवे स्टेशन के अमृत भारत योजना के तहत विकास को लेकर शिलान्यास समारोह की तैयारी देखी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश भर के चयनित स्टेशनों का वर्चुअल तौर पर शिलान्यास करेंगे। सेंट्रल स्टेशन के निदेशक आशुतोष सिंह के साथ सिटी साइड कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। कहा कि किसी तरह की समस्या नहीं होनी चाहिए। 750 करोड़ से सेंट्रल स्टेशन, पनकी धाम व गोविंदपुरी का विकास कार्य कराया जाना है ।रेलवे स्टेशन के सिटी साइड से बाहर निकाल कर हाल में पहुंचे और अधिकारियों से बातचीत की। इस वर्चुअल कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के कई मंत्री सांसद और नेता पहुंचेंगे। कार्यक्रम में व्यवस्थाओं को लेकर रेलवे डीआरएम ने अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किया। मौके पर निरीक्षण के दौरान स्टेशन डायरेक्टर आशुतोष सिंह,डिप्टी एसएस,रेलवे आरपीएफ इंस्पेक्टर और रेलवे के कई अधिकारी मौजूद रहे।

# युवक ने फांसी लगाई

कानपुर। नयापुरवा बिधनू निवासी बुद्धीलाल के 37 वर्षीय बेटे उमेश ने बुधवार रात फांसी लगाकर जान दे दी। वह मजदूरी करता था। मृतक के परिवार में पत्नी स्वाति और बच्चे आशी,कल्लू हैं। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिये भेजा। परिजन आत्महत्या की वजह नहीं बता सके।

# इलेक्ट्रिक वाहनों को सरकार देगी सब्सिडी- आरटीओ प्रशासन

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। जिन वाहन स्वामियों ने अक्टूबर 22 में इलेक्ट्रिक वाहन खरीदे हैं और जो उनका ऐसा बड़का लगा है उसे सरकार सब्सिडी के तौर पर वापस करेगी। लागू की गई है ।आरटीओ प्रशासन राजेश सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ई वाहनों पर सब्सिडी देने जा रही है जिसको लेकर लखनऊ मुख्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि 14 अक्टूबर 2022 में खरीदे गए दुपहिया एवम चौपहिया वाहनों पर सरकार सब्सिडी देने जा रही है।

ये योजना अभी फिलहाल इन दो प्रकार के वाहनों पर दी जाएगी। दुपहिया वाहनों पर पांच हज़ार और चौपहिया वाहनों पर एक लाख तक सब्सिडी देने का फैसला किया है जिससे वाहन स्वामियों को काफी राहत मिलेगी।

# ज्ञानवापी करोड़ों लोगों की आस्था का विषय, सर्वे में एतिहासिक सच्चाई आएगी सामने:भूपेंद्र चौधरी

## लोकसभा चुनावों को लेकर भाजपा पूरी तरह से तैयार

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गुरुवार को कानपुर पहुंचे। यहां उन्होंने कई कार्यक्रमों में शिरकत की। ज्ञानवापी पर सर्वे को लेकर हाईकोर्ट की हरी झंडी के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने पहली प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ज्ञानवापी को लेकर कहा कि एतिहासिक सच्चाई सामने आने की बात कही। आगे कहा कि हम जनता के बीच मुद्दे उठाते रहेंगे। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर उन्होंने कई सवालों के जवाब दिए।ज्ञानवापी करोड़ों लोगों की आस्था का विषय है। सर्वे का भाजपा स्वागत और सम्मान करती है। सर्वे में एतिहासिक सच्चाई सामने आएगी। सर्वे के बाद से उस सच्चाई को देश के सामने लाया जाएगा। न्यायालय में हमारा पूरा विश्वास है। सभी को धैर्य रखना चाहिए। इस फैसले को स्वीकार करना चाहिए।



सभी को शांतिपूर्वक इस फैसले को स्वीकार करना चाहिए।संविधान उन्हें अधिकार देता है, अगर वो किसी निर्णय से सहमत नहीं हैं। वो सुप्रीम कोर्ट जा सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट का विकल्प उनके पास है। कोर्ट जो भी आदेश देगा, हम सभी उसका सम्मान करेंगे। ये हमारे लिए आस्था से जुड़ा विषय है। हमारी पार्टी उसका सम्मान करेगी।

**दिव्यांगों को उपकरण वितरित किए**

भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचने से पहले प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने किदवई नगर से विधायक महेश त्रिवेदी के संयोजन में दिव्यांगों को उपकरण वितरित किए। कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, एमएलसी अरुण पाठक, विधायक नीलिमा कटियार,सुरेश अवस्थी, जिलाध्यक्ष सुनील बजाज,बीना आर्या,पूर्व मंत्री बाल चंद्र मिश्र,भूपेश अवस्थी, रीता शास्त्री आदि मौजूद रहे।क्षेत्रीय कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष ने ललितपुर जिला पंचायत अध्यक्ष व सदस्यों के साथ बैठक की।

# जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन रहा अलर्ट

## परेड की सद्भावना चौकी से लेकर यतीमखाना और बेकनगंज इलाकों में निकाला रूट मार्च



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। ज्ञानवापी मामले में एएसआई सर्वे और गुड़गांव में मस्जिद के इमाम की हत्या के मद्देनजर शुक्रवार को कानपुर में पुलिस, प्रशासन व खुफिया तंत्र अलर्ट मोड पर रहा। सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाते हुए बड़ी संख्या में जवानों की तैनाती की गई। पुलिस ने परेड की सद्भावना चौकी से लेकर यतीमखाना और बेकनगंज इलाकों में रूट मार्च निकाला।कानपुर में जुमे की नमाज के दौरान मुस्लिम बहुल इलाकों में पुलिस तैनात रही। बनारस में ज्ञानवापी मस्जिद मामले पर एएसआई के सर्वे शुरू होने और गुड़गांव में मस्जिद के इमाम की हत्या के कारण मस्जिदों के आसपास पुलिस बंदोबस्त रहा। इंटरनेट मीडिया पर भी निगाह रखी गई ताकि कोई अफवाह ना फैलाए। पुलिस प्रशासन ने अपील की है कि इंटरनेट वीडियो पर कोई आपत्तिजनक मैसेज या वीडियो पोस्ट ना करें। पुलिस ने सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से निगरानी की।मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में परेड, तलाक महल, चमनगंज, बेकनगंज, दादामियां का चौराहा, बाकरगंज, रावतपुर गांव के आसपास मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। मस्जिदों से दुआएं भी कराई गई। बता दें कि नूंह हिंसा के बाद पूरे हरियाणा में तनाव की स्थिति बनी हुई है।इसके मद्देनजर शहरभर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाते हुए बड़ी संख्या में जवानों की तैनाती की गई है। पुलिस ने अलर्ट बढ़ा दिया। पुलिस ने अलग-अलग हिस्सों में पेट्रोलिंग की। साथ ही, शहर के संवेदशनशील व अतिसंवेदनशील इलाकों में पुलिस ने चौकसी बरती। सबसे शांति बनाए रखने की अपील की गई।पुलिस आयुक्त बीपी जोगदंड ने बताया कि इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित संदेशों में कड़ी नजर रखने के साथ ही किसी प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने वालों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई किए जाने का निर्देश है। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने के साथ ही पुलिस अधिकारियों को हर छोटी सूचना को भी पूरी गंभीरता से लेने का निर्देश दिया गया है।

# अज्ञात नंबर से पत्नी को कॉल कर तलाक दे दिया, 25 लाख रुपये मायके से लाने का बनाया दबाव

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। शहर में रावतपुर के रोशननगर निवासी महिला ने पति पर तलाक देने का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप लगाया कि पति दुबई में होटल खोलने के लिए 25 लाख रुपये मायके से लाने का दबाव बना रहे थे।

रोशननगर के बशीर का बगीचा निवासी अधिवक्ता जाकिर हुसैन ने अपनी बेटी डॉ. जेबा सिद्दीकी का निकाह 10 अक्तूबर 2017 को केरल के एपीजे नगर निवासी सुलाल वहीदा से की थी।सुलाल दुबई में जॉब करते हैं। पति सुलाल, ससुर मोहम्मद सलेह, सास वहीदा, जेठ सलाम, जेठानी गीता विश्वकर्मा उर्फ अहाना ने मिलकर दुबई में होटल खोलने के लिए 25 लाख रुपये अतिरिक्त दहेज लाने की मांग की। असमर्थता जताने पर ससुरालियों ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। जेबा को दुबई जाने पर पता चला कि पति के एक औरत से नाजायज संबंध हैं। जेबा ने विरोध किया तो पति ने पीट दिया।मायके में ही 13 मार्च 2020 को जेबा ने बेटी को जन्म दिया। सूचना पर कानपुर पहुंचे पति ने होटल में रुक कर जेबा से मुलाकात की, लेकिन जेबा को अपने साथ रखने से इन्कार कर दिया। जेबा ने कानपुर की फैमिली कोर्ट से अपने पति के खिलाफ गुजारे भत्ते की अपील दाखिल की। आरोप है कि 23 जुलाई को एक अज्ञात नंबर से जेबा को कॉल कर सुलाल ने तलाक दे दिया।डॉ. जेबा ने बताया कि उनका शौहर दुबई में करीब तीन लाख रुपए महीना कमाता है।इसके बाद भी एक रुपए खर्च नहीं देता है। निकाह के बाद से पूरा खर्चा पिता ही उठा रहे हैं। गुजारा-भत्ता का केस करने के बाद से ही शौहर ने सभी सीमाएं पार कर दी और फोन पर ही तीन तलाक दे दिया।

एसीपी कल्याणपुर विकास कुमार पांडेय ने शुक्रवार को बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# डिलीवरी ब्वाय के दो पक्ष को काम करने से रोकने पर भिड़े, जमकर हुई मारपीट



कानपुर। किदवई नगर वाई ब्लाक में शुक्रवार दोपहर आनलाइन कंपनी के स्टोर के बाहर डिलीवरी ब्वाय के दो पक्ष काम करने से रोकने पर भीड़ गए। दोनों पक्षों में एक दूसरे को हेलमेट बेल्ट से पीटने लगे।इससे सड़क पर लोगों की भीड़ लग गई।मारपीट का वीडियो प्रचलित होने पर नौबस्ता पुलिस और दोनों पक्षों से चार लोगों को पकड़कर थाने ले गई, जिनमे एक को ज्यादा चोटें आई हैं। पुलिस ने सभी को मेडिकल के लिए भेजा है।

**वीडियो हुआ वायरल** -किदवई वाई ब्लाक में ब्लिंकिट आनलाइन कंपनी का स्टोर बना हुआ है, जिसमे डिलीवरी ब्वाय सौरभ और राहुल सैनी काफी समय से काम कर रहे हैं, जबकि कुछ दिन पहले से विकास, पीयूष भी यहां काम कर रहे हैं। शुक्रवार को विकास व पीयूष स्टोर पहुंचे तो किसी बात पर विकास से कहासुनी हो गई। इसपर विकास व पीयूष ने बिना मैनेजर के अनुमति के ही दोनों को काम करने से मना कर दिया।इससे दोनों पक्षों में गाली गलौज के बाद कहासुनी हो गई। बीच सड़क हेलमेट, बेल्ट, डंडे से दोनों पक्ष एक दूसरे को मारने लगे। इससे सड़क पर जाम लगने लगा। लोगों ने वीडियो बना प्रचलित किया तो नौबस्ता थाने का फोर्स पहुंच गया। विराट नगर चौकी प्रभारी नंदू सिंह ने बताया कि चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। मेडिकल के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# अधिवक्ता पर चाकू से जानलेवा हमला

कानपुर। कानपुर में पति-पत्नी के विवाद में समझौता केंद्र में सुनवाई के दौरान मारपीट शुरू हो गई। पत्नी की ओर से अधिवक्ता संजीव शुक्ला ने बीच-बचाव कराकर मामला शांत करा दिया। इसके बाद अपने चेंबर वापस लौटने लगे। इसी बीच आक्रोशित पति सुशील दुबे ने सीएमएम रोड के पास अधिवक्ता पर चाकू से हमला कर दिया।

इससे अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, भरी कचहरी में चाकू चलने की घटना से हड़कंप मच गया। शोर शराबा सुनकर अधिवक्ता अपने चेंबर से बाहर निकले और चाकू मार कर भाग रहे सुशील को दबोच लिया। सुशील को मारपीट कर कचहरी पुलिस के हवाले किया गया। यहां से उसे कोतवाली ले जाया गया। घटना की सूचना मिलते ही वकीलों का हुजूम कोतवाली में पहुंचने लगा। एफआईआर दर्ज कराने के लिए तहरीर दी जा गई है। घायल वकील संजीव शुक्ला का मेडिकल कराने के लिए उर्सला भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# कृषि विश्वविद्यालय मेरठ के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर



कानपुर। सीएसए एवं सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह हस्ताक्षर सीएसए कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह एवं सरदार बल्लभ भाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय मेरठ के कुलपति डॉक्टर के के सिंह के मध्य हुए हैं। कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने समझौता ज्ञापन के बारे में बताया कि सरदार बल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ की अनुसंधान, प्रसार और शिक्षण सुविधाओं का उपयोग करने में सक्षम होंगे। कुलपति ने बताया की नई शिक्षा नीति 2020 के तहत अंत- अनुशानिक के तहत यह समझौता पत्र हुआ है।इसके तहत दोनों विश्वविद्यालयों में विद्यमान प्रयोगशाला, पुस्तकालय, शिक्षण एवं शोध सुविधाओं का आपस में उपयोग कर सकेंगे। इस समझौता के तहत दोनों विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक ज्ञान व सूचना का आदान प्रदान होगा। विश्वविद्यालय की ओर से विकसित प्रौद्योगिकी दोनों संस्थान प्रसारित करेंगे। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ खलील खान ने बताया कि प्रदेश के चारों कृषि विश्वविद्यालयों के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए हैं। जिससे प्रदेश में कृषि के क्षेत्र में, (शिक्षण, शोध एवं प्रसार) नए आयाम स्थापित होंगे।

# एसीपी ने व्यापारियों को दिए सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। व्यापारियों की मूलभूत समस्याओं को समझने के लिए एसीपी कलेक्टर गंज निशांक शर्मा ने हरबंश मोहाल इंस्पेक्टर विनीत चौधरी के साथ केनाल रोड बनारस होटल में व्यापारियों वा क्षेत्र के पार्षदों के साथ बैठक करी एसीपी ने व्यापारियों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। व्यापारियों ने मुख्य रूप से यातायात व्यवस्था और पार्किंग की समस्याओं के बारे में बताया।

वही क्षेत्र के पार्षदों ने भी अपने क्षेत्र में मूलभूत समस्याओं के बारे में बताया। एसीपी ने सार्थक पहल करने की बात कही उन्होंने कहा कि कोई भी समस्या हो तो तत्काल पुलिस को बताए पुलिस आपकी मदद के लिए खड़ी है। अपराध व अपराधियों को अंकुश लगाने के लिए आप सभी को आगे आना होगा। सभी लोग अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवीकैमरे जरूर लगवाएं इससे उनकी सुरक्षा और बेहतर हो सकेगी।

# निर्माणाधीन आरआरसी सेंटर से हैण्डपम्प से पाइप और समरसिबल खोल ले गए चोर

घाटमपुर। पतारा ग्राम पंचायत के अंतर्गत रघुनाथपुर रेलवे क्रसिंग के पास भारत सरकार की सॉलिड लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट स्कीम के अंतर्गत ग्रामीण अंचल में कूड़ा कचरा के निस्तारण के लिए निर्माणाधीन आरआरसी सेंटर में हुई चोरी, पतारा ग्राम पंचायत के सचिव शैलेन्द्र गोस्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पतारा ग्राम पंचायत के अंतर्गत निर्माणाधीन आरआरसी सेंटर मे लगे हैण्डपम्प से बीती रात पाइप और समरसिबल मोटर अज्ञात चोर चोरी कर ले गए है।

# अपर जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में 15 अगस्त की तैयारियों को लेकर बैठक की

कानपुर। अपर जिलाधिकारी (नगर) श्री राजेश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 15 अगस्त, 2023 की तैयारियों के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक में उन्होंने कहा कि 15 अगस्त को समस्त सरकारी/गैर सरकारी कार्यालय, शैक्षणिक संस्थान, वाणिज्यक/औद्योगिक प्रतिष्ठानो को तिरंगे की रोशनी से जगमग किया जाएगा। अपर नगर आयुक्त नगर निगम को निर्देशित करते हुए कहा कि 1 दिन पूर्व जनपद में स्थापित महापुरूषो की प्रतिमा वाले स्थलों की साफ-सफाई कराते हुए प्रकाश व्यवस्था कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त के दिन स्वतंत्रा संग्राम सेनानियों को आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया जायेगा। तथा शासनादेश के अनुसार 15 अगस्त को ससमय सरकारी तथा गैर सरकारी भवनों एवम शैक्षिक शिक्षण संस्थानों में स्कूलों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाये।बैठक में प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी श्रीमती दिव्या, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, श्री सूरज कुमार यादव, अपर अगर आयुक्त, नगर निगम श्री जगदीश यादव, समस्त उपजिलाधिकारी सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन रोहित मल्होत्रा समेत अन्य सभी विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।




# बिजली व जलभराव की समस्या का मुख्यमंत्री ने समस्या निदान का दिया आश्वासन



**बीपीएस न्यूज**

घाटमपुर । विधायिका सरोज कुरील ने गुरुवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर घाटमपुर विधानसभा में बिजली व्यवस्था की समस्या के साथ जलभराव की समस्या को भी अवगत कराया। साथ ही उन्होंने घाटमपुर को उद्योग नगरी घोषित कराने में आ रही अटकलों को भी बताया, मुख्यमंत्री ने उन्हें जल्द समस्या के निस्तारण का आश्वासन दिया है।घाटमपुर से अपना दल एस की विधायिका सरोज कुरील ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर घाटमपुर नगर में होने वली जलभराव की प्रमुख समस्या बताई, जल निकासी के लिए जल निगम और सीएंडडीएस की संयुक्त टीम ने सर्वे किया था। कुल 88 करोड़ रुपये का प्रस्ताव बनाया गया था। विधायक ने उनसे इस प्रस्ताव को स्वीकृत करने को कहा है। जिसके साथ ही बताया कि नगर स्थित चीनी मिल की जमीन के अन्य औद्योगिक इस्तेमाल के लिए यूपीडा ने सर्वे किया था। यूपीडा इस जमीन का इस्तेमाल उद्योग लगाने के लिए करना चाहता है। हालांकि, अभी जमीन शुगर मिल के नाम दर्ज है। ऐसे में जमीन यूपीडा को हस्तांरित हो जाए तो काम तेजी से शुरू हो सके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री को नगर व ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत समस्याओं के बारे में बताया। कहा कि विद्युत विभाग ज्यादा क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में नंगे तारों की जगह केबिल डाली जाय इसके साथ ही नगर को चार ट्राली ट्रांसफार्मर मिलें। इससे विद्युत समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधायिका को शीघ्र समस्या निस्तारण का आश्वासन दिया है।

# कार्डियोलॉजी में शार्ट सर्किट से लगी आग, मरीजों को दूसरी जगह किया शिफ्ट

कानपुर। कार्डियोलॉजी में शुक्रवार शाम अचानक शार्ट सर्किट से आग लग गई। अस्पताल के एचडीयू (हाई डिपेंडेंसी यूनिट) में धुआं भर जाने से मरीजों और उनके तीमारदारों में अफरा-तफरी मच गई। डॉक्टरों ने सावधानी बरतते हुए तीमारदारों की मदद से सभी मरीजों को आईसीयू और वार्ड में शिफ्ट कराया। हालांकि, अस्पताल भवन के बाहर लगे सेंट्रल एसी के पैनलों में लगी आग कुछ देर में खुद ही बुझ गई। इसके बाद पंखों को बाहर की ओर चलाकर अंदर भरे धुएं को बाहर निकाला जा सका।कार्डियोलॉजी के भूखंड में आईसीयू के विपरीत दिशा में 17 बेड का एचडीयू स्थित है। गंभीर मरीजों को आईसीयू में कुछ राहत मिलने के बाद उनकी देखरेख के लिए उन्हें इसी यूनिट में शिफ्ट किया जाता है। इसके बाद उन्हें जनरल वार्ड में भेज दिया जाता है। शुक्रवार को यहां सभी बेडों में मरीज भर्ती थे। उनके साथ में उनके तीमारदार भी मौजूद थे। शाम करीब 5:30 बजे अचानक इस यूनिट के सेंट्रल एसी डक्ट से जलने की तेज दुर्गंध के साथ धुआं निकलने लगा। यह देख तीमारदारों और मौजूद डॉक्टरों में अस्पताल में आग लगने को लेकर चीख पुकार मच गई। तीमारदार अपने-अपने मरीजों को बाहर निकालने का प्रयास करने लगे। करीब 25 मिनट में सभी मरीजों को एचडीयू से बाहर निकाल कर आईसीयू और जनरल वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया।

इस बीच डॉक्टरों ने घटना की जानकारी अस्पताल के निदेशक डॉ. राकेश वर्मा को दी तो वह भी भागकर मौके पर पहुंचे। इलेक्ट्रीशियनों और कर्मचारियों को एसी डक्ट चेक करने के निर्देश दिए। डॉक्टर राकेश वर्मा ने बताया कि भवन के बाहर लगे एसी के पैनल में शार्ट सर्किट हुआ था। इससे धुआं एसी डक्ट से होते हुए एचडीयू तक पहुंच गया था, लेकिन आग नहीं लगी पाई थी। सभी मरीजों के सुरक्षित होने की जानकारी दी। वहीं, आग की सूचना पर करीब पौन घंटे बाद फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी मौके पर पहुंची, लेकिन स्थिति सामान्य होने के कारण लौट गई।

# पद्मश्री श्यामलाल गुप्त के चित्र का अनावरण 6 अगस्त को




कानपुर । भारतीय दोसर वैश्य महासमिति उत्तर प्रदेश के जिला अध्यक्ष विजय गुप्ता अपने समिति के सदस्यों के साथ मिलकर आज कानपुर प्रेस क्लब ने वार्ता करते हुए बताया कि दिनांक 6 अगस्त 2023 को दोपहर 12:30 बजे से मर्चेंट चैंबर हाल सिविल लाइंस में झंडा गीत के रचयिता पद्मश्री श्यामलाल गुप्त पार्षद जी के चित्र का अनावरण किया जाएगा व महिला व युवा शाखा पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण और महिलाओं द्वारा सावन तीज महोत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष मा0 सतीश महाना जी होंगे। विशिष्ट अतिथियों में कैबिनेट मंत्री मनीष जी गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष सलिल विश्नोई जी होंगे।

# डीएम ने इंट्रीग्रेटेड कंट्रोल एण्ड कमांड सेंटर का किया निरीक्षण



**नगर प्रतिनिधि**

कानपुर । जिलाधिकारी विशाख जी0 द्वारा नगर निगम स्थित इंट्रीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर (आई0सी0सी0सी0) का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जी0एन0, अपर नगर आयुक्त जगदीश सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त शिवा सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।इंट्रीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर (आई0सी0सी0सी0) के माध्यम से की जाएगी बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र से चलने वाले वाहनों की निगरानी। परिवहन विभाग देगा डेटाबेस एवं आई0सी0सी0सी0 के माध्यम से यातायात पुलिस रखेगी निगरानी।निरीक्षण के दौरान इंट्रीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निम्न निर्देश दिए । सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिन वाहनों का प्रदूषण प्रमाण पत्र नही बने है, उन वाहनों का डाटा ऑनलाइन डाटाबेस से आगामी दो दिवसों के अन्दर इंट्रीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर को उपलब्ध करा दिया जाए।

इसमें सर्वप्रथम भारी वाहनों, कान्ट्रैक्ट कैरीजेज, कामर्शियल वाहनों एवं चार पहिया वाहनों का डाटा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। डाटा प्राप्त होने के उपरान्त इंट्रीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर (आई0सी0सी0सी0) में तैनात यातायात पुलिस की टीम द्वारा मॉनीटरिंग सुनिश्चित की जाए कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों की जांच के समय प्रदूषण प्रमाण पत्र की जांच भी सुनिश्चित की जाए तथा प्रदूषण प्रमाणपत्र न होने की दशा में सुसंगत नियमों के तहत कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। आई0सी0सी0सी0 के माध्यम से वाहनों के ऊपर की जा रही निगरानी में बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र के संचालित वाहनों को भी चिन्हित करने की कार्यवाही की जाएगी। परिवहन विभाग को निर्देशित किया गया कि प्रदूषण विभाग, क्षेत्रीय मजिस्ट्रेट एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जनपद में स्थापित प्रदूषण प्रमाणपत्र निर्गत करने वाले केंद्रों की जांच सुनिश्चित की जाए। प्रदूषण अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने वाले केन्द्रो की जांच में केन्द्र द्वारा प्रत्येक माह कितने प्रमाण पत्रो तथा किन-किन वाहनों को प्रमाण पत्र निर्गत किए जा रहे है, इसके विवरण की भी अवश्य जांच सुनिश्चित की जाए।

## कृषि विज्ञान केंद्रों पर 11 हेक्टेयर में हो रही प्राकृतिक खेती

कानपुर। सीएसए के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के अधीन संचालित सभी कृषि विज्ञान केंद्रों पर गौ आधारित प्राकृतिक खेती विभिन्न फसलों पर की जा रही है। डॉ सिंह ने बताया कि इस विधि से किसानों की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि इस विधि में देसी गाय के गोबर और गोमूत्र से बनने वाला जीवामृत, वीजामृत, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र, घनजीवामृत आदि बनाकर खेती में प्रयोग किया जाता है।जो पोषक तत्वों की फसलों को पूर्ति करते हैं।और जैविक कीटनाशकों के रूप में भी प्रयोग किए जाते हैं जिसे कीट एवं रोग फसल में नहीं लगते हैं। उन्होंने कहा कि इस विधि द्वारा पोषक तत्वों से भरपूर फसल उत्पादन किया जाता है।

# आयुक्त ने आधुनिक कन्वेंशन सेंटर का निरीक्षण कर दिए निर्देश



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर । मण्डलायुक्त अमित गुप्ता ने कानपुर स्मार्ट सिटी के सबसे बड़े प्रोजेक्ट आधुनिक कन्वेन्शन सेंटर, चुन्नीगंज का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान नगर आयुक्त/मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवशरणप्पा जी0एन0 सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे। कानपुर स्मार्ट सिटी लि0, कला, संस्कृति, व्यापार एवं उद्योग के क्षेत्र में ख्याति दिलाने और आम जनमानस, बच्चों, कलाकारों, व्यापारियों एवं उद्योग बन्धुओं तक इसका सीधे लाभ पहुंचाने के लिए चुन्नीगंज क्षेत्र में आधुनिक कन्वेंशन सेंटर को तैयार करा रहा है। यह कानपुर की प्रतिष्ठित परियोजना है, जो कानपुर शहर और क्षेत्र में कला, संस्कृति, व्यापार और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सेंट्रल एक्टिविटी हब होगा। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त द्वारा मण्डलायुक्त को अवगत कराया गया कि अनुबन्ध के अनुसार इस परियोजना को माह दिसम्बर, तक पूर्ण किया जाना है। वर्तमान समय में निर्माणाधीन कन्वेंशन सेन्टर का कार्य बन्द चल रहा है। पुरातत्व विभाग द्वारा एन0ओ0सी0 प्राप्त हो जाने पर कार्य शीघ्र प्रारम्भ कराया जायेगा।मण्डलायुक्त ने निर्देश दिये की कार्य की गुणवत्ता व प्रयोग किये जा रहे मैटेरियल की जांच सम्बन्धित एजेंसी से कराने व कार्य को शीघ्र प्रारम्भ कराकर समयान्तर्गत पूर्ण कराने के निर्देश दिये, जिससे की शहर वासियों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। इसके साथ उन्होंने प्रोजेक्ट की विस्तृत डिटेल उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। तद्पश्चात मण्डलायुक्त ने नगर निगम बालिका इण्टर कालेज चुन्नीगंज का निरीक्षण किया। वर्तमान समय में स्कूल में रेनूवेशन का कार्य चल रहा था। मंडलायुक्त ने मुख्य रूप से ऑडिटोरियम, लाइब्रेरी आदि में हो रहे कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित कराते हुए समयबद्ध कार्य पूर्ण कराने व कमरों में पर्याप्त वेन्टीलेशन तथा प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय परिसर में बने स्विमिंग पूल में साफ-सफाई समुचित न होने तथा पूर्व में निर्मित फव्वारे में अनुपयोगी सामान रखे होने पर जोनल अधिकारी को निर्देशित किया गया कि परिसर में पड़े सामान को नियमानुसार नीलामी कराते हुए सम्पूर्ण परिसर में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए।परिसर में लगे झूले आदि बहुत पुराने तथा जर्जर अवस्था में होने पर अवगत कराया गया कि लगभग 20 वर्ष पुराने होने के कारण मरम्मत योग्य है, जिसके संबंध में निर्देशित किया गया कि जो झूले मरम्मत योग्य हैं उनकी मरम्मत कराकर कुछ अन्य झूले स्मार्ट सिटी से स्थापित कराए जाए, जिससे विद्यालय बच्चों के आकर्षण का केंद्र बन सके और बच्चे उसका लाभ उठा सकें।इसके पश्चात मण्डलायुक्त ने भैरव घाट में बने स्मार्ट कूड़ा घर का निरीक्षण किया, निरीक्षण के समय कूड़ा उठान का नया सिस्टम सुचारूप से कार्य कर रहा था तथा स्मार्ट कूड़ा घर में कूडे का व्यवस्थित ढंग से निस्तारण किया जा रहा था। नगर आयुक्त को निर्देशित किया गया कि कूड़े घर के आस-पास पेड़ पौधे लगाकर और व्यवस्थित ढंग से विकसित कर लिया जाए ताकि कूड़े की बदबू का प्रभाव न रहे। वी0आई0पी0 रोड में आते समय मंडलायुक्त को नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि विभिन्न संस्थाओं द्वारा रोड के दोनो तरफ छोटे-छोटे गार्डेन विकसित किये गये है, जिसके लिये निर्देशित किया गया।

# भारत का पहला स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत




आईएनएस विक्रांत भारत को ऐसे समय में विमान वाहक बनाने में सक्षम राष्ट्रों के एक चुनिंदा समूह में शामिल करता है, जब दिल्ली हिंद महासागर में चीन की बढ़ती उपस्थिति का मुकाबला करना चाहती है।






## भारत-चीन के वाहक के बीच तुलना

### आईएनएस विक्रमादित्य को 2013 में कमीशन किया गया था

रूस से खरीदे गए संशोधित कीव-श्रेणी के वाहक का उपयोग करके बनाया गया भारत का पहला विमानवाहक पोत

विस्थापन: 45000 टन



### आईएनएस विक्रांत

भारत का पहला स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत

45000 टन



### लिओनिंग 2012

सोवियत युग के पतवार का उपयोग करके बनाया गया चीन का पहला वाहक

66000 टन



### टाइप 001A शेंडोंग 2019

पहला स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत

70000 टन



### टाइप 003 फ़ुज़ियान 2022

स्वदेशी रूप से निर्मित, कैटापल्ट लॉन्च सिस्टम के साथ पूर्ण-लंबाई वाला फ़्लाइट डेक है

85000 टन



# यूपी में 50 सीटें जीतेगी सपा',अखिलेश का आरोप, जब भी चुनाव आता है भाजपा दंगे कराती है

मणिपुर और हरियाणा के नूंह में जारी हिंसा को लेकर देश की राजनीति में जबरदस्त तरीके से वार-पलटवार का दौर देखने को मिल रहा है। विपक्षी दल जबरदस्त तरीके से भाजपा और केंद्र की सरकार पर हमलावर है। इन सब के बीच समाजवादी पार्टी के नेता शिवपाल यादव ने भी भाजपा पर निशाना साधा है और गंभीर आरोप लगाए हैं। अपने बयान में शिवपाल यादव ने साफ तौर पर कहा है कि जब भी चुनाव आते हैं, भाजपा कोई ना कोई षड्यंत्र कर दंगे कराती हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने भाजपा पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगा दिया। इसके साथ ही उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर भी बड़ी बात कही है।



शिवपाल यादव ने दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में सपा उत्तर प्रदेश में (कुल 80 सीट में से) कम से कम 50 सीट जीतेगी। सपा ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के साथ गठबंधन कर 2019 का लोकसभा चुनाव लड़ा था और केवल पांच सीट पर जीत दर्ज की थी, जबकि बसपा ने 10 सीट पर जीत हासिल की थी। ह्ष्ठ में शामिल होने को लेकर शिवपाल ने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अब राजभर पर से उनके समुदाय का ही भरोसा खत्म हो गया है। सपा नेता ने कहा, 'वह (राजभर) किसी को भी कुछ भी बोल देते हैं। आप सबने सुना ही है कि विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के बारे में उन्होंने क्या बोला था।

राम मंदिर के सवाल पर शिवपाल यादव ने कहा कि पहले मंदिर निर्माण पूरा हो जाए तो फिर वह जरूर दर्शन करेंगे। शिवपाल ने कहा, भारतीय जनता पार्टी के लोग अदालत, संविधान, लोकतंत्र को नही मानते,न्यायालय के फैसले का इंतजार कर नहीं सकते। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के लोग लोकतंत्र एवं संविधान विरोधी हैं और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ज्ञानवापी पर दिया गया बयान पूरी तरह सेन्यायालय की अवमानना है।शिवपाल ने उनके आजमगढ़ से लोकसभा का आगामी चुनाव लड़ने को लेकर पूछे जाने पर कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व का जो भी फैसला होगा , वह उन्हें स्वीकार होगा।

# 2 फीट का त्रिशूल, खंडित मूर्तियां, ज्ञानवापी में ASI को क्या-क्या मिला?



भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने शनिवार को वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद में अपना वैज्ञानिक सर्वेक्षण कार्य फिर से शुरू कर दिया। हिंदू पक्ष के वकील सुधीर त्रिपाठी ने ज्ञानवापी मस्जिद में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा किए जा रहे सर्वेक्षण पर अपडेट साझा किया है। उन्होंने कहा कि मलबे में मूर्तियां नहीं बल्कि खंडित मूर्तियों के अवशेष मिले हैं और हमें उम्मीद है कि मूर्तियां बरामद हो जाएंगी। सर्वे में 2 फ़ीट का त्रिशूल मिलने की बात भी कही जा रही है। 5 कलश भी मिले हैं। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण वुज़ूखाना (प्रक्षालन क्षेत्र) और उस स्थान पर अधिक केंद्रित है जहां मुस्लिम प्रार्थना करते हैं।

यह निर्धारित करने के लिए शनिवार को वैज्ञानिक सर्वेक्षण फिर से शुरू हुआ कि क्या 17वीं सदी की मस्जिद का निर्माण हिंदू मंदिर की पहले से मौजूद संरचना के ऊपर किया गया था। एएसआई टीम ने दोपहर के आसपास सर्वेक्षण रोक दिया, जिससे मुसलमानों को मस्जिद में नमाज अदा करने की अनुमति मिल गई और दोपहर 2:30 बजे इसे फिर से शुरू किया गया। दिन भर चलने वाला सर्वेक्षण शाम 5 बजे समाप्त हो गया है। वाराणसी अदालत ने एएसआई को 2 सितंबर तक सर्वेक्षण पर रिपोर्ट सौंपने को कहा। सरकारी वकील ने पहले एक आवेदन दायर कर अदालत से सर्वेक्षण पूरा करने और रिपोर्ट जमा करने के लिए एएसआई को चार सप्ताह का समय देने का आग्रह किया था।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को ज्ञानवापी मस्जिद के एएसआई सर्वेक्षण पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, मुस्लिम पक्ष का कहना है कि यह अतीत के घावों को फिर से हरा देगा। हालाँकि, शीर्ष अदालत ने एएसआई टीम से सर्वेक्षण के दौरान कोई आक्रामक तकनीक नहीं अपनाने को कहा।

## आरोपी को पकड़ने गए पुलिसकर्मियों की ही हो गई गिरफ्तारी



एक इंस्पेक्टर समेत कर्नाटक पुलिस के चार अधिकारियों को केरल में उनके समकक्षों ने कथित जबरन वसूली के आरोप में हिरासत में लिया है। केरल पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार, हिरासत में लिए गए चारों पुलिसकर्मी कर्नाटक में दर्ज धोखाधड़ी के एक मामले में दो संदिग्धों को पकड़ने के लिए राज्य की यात्रा पर गए थे। केरल पहुंचने पर, चारों ने दो संदिग्धों का पता लगाया और उन्हें पकड़ लिया और फिर कथित तौर पर उन्हें मुक्त करने के लिए पैसे की मांग की।दो संदिग्धों में से एक की मंगेतर ने स्थानीय पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद कर्नाटक पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में ले लिया। घटना केरल के कोच्चि जिले की है. पुलिस उपायुक्त एस सैधरन ने कहा कि हिरासत में लिए गए चारों पुलिसकर्मियों पर जबरन वसूली के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, कर्नाटक में हुए एक ऑनलाइन क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी मामले में अखिल और निखिल नाम के दो लोगों को पकड़ने के लिए कर्नाटक पुलिस की टीम 1 अगस्त को कोच्चि गई थी।आरोपियों को कर्नाटक पुलिस के चार अधिकारियों ने गिरफ्तार किया था, जिन्होंने कथित तौर पर उन्हें मुक्त करने के लिए उनमें से प्रत्येक से 25 लाख रुपये की मांग की थी। आरोपियों में से एक ने कथित तौर पर 1 लाख रुपये का भुगतान किया, जबकि दूसरे ने 2.95 लाख रुपये का भुगतान किया। स्थिति से परेशान होकर, उन्होंने दो लोगों में से एक की मंगेतर के माध्यम से केरल पुलिस को मामले की सूचना दी।

# नूंह हिंसा का 'हिसाब'! 'गुनहगारों' पर ताबड़तोड़ एक्शन, बुलडोजर से ढहाई गई अवैध दुकानें



नूंह हिंसा के गुनहगारों पर पुलिस ताबडतोड़ एक्शन कर रही है. आज भी नूंह में बुलडोजर एक्शन जारी है. इस बीच हिंसा से जुड़े लगातार नए वीडियो सामने आ रहे हैं. वहीं अब हिंसा को लेकर अधिकारियों पर भी गाज गिरनी शुरू हो गई है. हरियाणा के नूंह में हुई हिंसा के हर रोज नए वीडियो सामने आ रहे हैं. सामने वो चेहरे भी आ रहे हैं जो उन्मादी भीड़ का हिस्सा थे. नूंह हिंसा से जुड़ा एक नया वीडियो सामने आया है जिसमें लाठी डंडों से लैस भीड़ नजर आ रही है जो एक बस्ती की तरफ बढ़ रही है. वीडियो 31 जुलाई के करीब एक बजे का बताया जा रहा है. वीडियो में गुस्साई भीड़ धार्मिक नारे लगाती नजर आ रही है. कुछ लोग चेहरे को ढके हुए हैं. कुछ पीठ पर बैग टांगे हुए हैं.

वीडियो में दिख रहा है कि पुलिस उन्हें समझाती है पर वो पुलिस की एक नहीं सुनते. उस वक्त उनके सिर पर खून सवार नजर आता है. वीडियो सामने आने के बाद कई सवाल भी खड़े हो गए हैं. पहला सवाल ये है कि पुलिस ने इस उन्मादी भीड़ पर क्या एक्शन लिया? ये लोग कौन थे? क्या इनकी पहचान हुई? क्या पुलिस ने इस पर कोई मामला दर्ज किया?

गौरतलब है कि अगर पुलिस ने कोई एक्शन लिए बगैर इस भीड़ को छोड़ा था तो ये पुलिस पर भी सवाल खड़े करता है. वहीं, हिंसा के बाद सरकार जागी है. नूंह में अवैध निर्माणों पर बुलडोजर एक्शन का दौर शुरू हो गया है. आज मेडिकल कॉलेज के पास अवैध दुकानों पर बुलडोजर चला है. पुलिस की मौजूदगी में अतिक्रमण गिराया गया.वहीं, दूसरी तरफ अब हिंसा को लेकर अफसरों पर भी गाज गिरनी शुरू हो गई है. स्क्के बाद अब नूंह के ष्ठष्ट बदले गए. 2012 बैच के ढ्ढस्- धीरेंद्र खटखटा को नूंह की जिम्मदारी सौंपी गई है. जबकि हिंसा पर पुलिस अब तक 102 स्नढ्ढक्रदर्ज कर चुकी है. 202 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. 80 लोग हिरासत में लिए गए हैं.

जान लें कि मनोहर सरकार ने नूंह को एक सुनियोजित घटना बताया है क्योंकि छतों पर पहले से ही पत्थर जमा किए गए थे और लोगों ने पहाड़ियों पर जाकर गोलीबारी की. हिंसा के बाद अब तक सरकार लगातार एक्शन में हैं. ना सिर्फ दंगाईयों की धर-पकड़ की जा रही है बल्कि लापरवाही अफसरों पर भी कार्रवाई की जा रही है.हरियाणा के नूंह में प्रसाशन का बड़ा एक्शन हुआ है। जानकारी के मुताबिक कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने ्र्र अवैध्र्र आप्रवासियों की 200 से अधिक झोपड़ियों को ध्वस्त कर दिया है, जो कथित तौर पर हरियाणा के नूंह जिले में 31 जुलाई की हिंसक झड़पों में शामिल थे। पिछले चार वर्षों में, नूंह के टौरू इलाके में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) की जमीन पर अवैध रूप से झुग्गियां बनाई गई थीं और कथित तौर पर बांग्लादेश से आए अवैध अप्रवासियों द्वारा इनमें निवास किया गया था। बताया गया है कि बुलडोजर वाला एक्शन करीब चार घंटे तक चला।गुरुवार को भारी पुलिस दल के साथ जिला अधिकारियों द्वारा विध्वंस अभियान चलाया गया। हिंसा की जांच करते समय, पुलिस ने पाया कि अधिकांश प्रदर्शनकारियों ने टौरू और उसके आसपास पथराव किया था और झड़पों के दौरान दुकानों, पुलिस और लोगों को निशाना बनाया था। सीसीटीवी फुटेज और वीडियो का विश्लेषण करने पर, पुलिस ने उन घरों की पहचान की, जहां से सबसे ज्यादा पथराव किया गया था। सूत्रों ने कहा कि नूंह में 50 से अधिक स्थानों पर इसी तरह का विध्वंस अभियान चलाया जाएगा। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने नाम न छापने का अनुरोध करते हुए कहा, संबंधित एजेंसियों द्वारा विध्वंस किया गया था और हमने पुलिस सहायता प्रदान की थी। आगे की जांच चल रही है।

पुलिस की ओर से मेवली, शिकारपुर, जलालपुर और शिंगार गांवों में भी कॉम्बिंग अभ्यास किया गया। 31 जुलाई को विहिप द्वारा आयोजित बृज मंडल यात्रा पर हमला होने और वाहनों को आग लगाने के बाद दंगे भड़क उठे।

## नौकरी दिलाने का झांसा देकर विवाहिता से दुष्कर्म करने के आरोप में मामला दर्ज



जयपुर। अलवर में एक विवाहिता ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर उससे दुष्कर्म करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी व्यक्ति कांग्रेस के एक विधायक का स्टाफ सदस्य है। महिला (43) ने सोमवार को केरली थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी। उसने आरोप लगाया कि उसके पति के दोस्त और कठूमर विधायक बाबूलाल बैरवा के निजी सहायक वीरेंद्र ने आंगनबाड़ी में नौकरी दिलाने का झांसा देकर दो साल पहले उसके साथ दुष्कर्म किया था। प्राथमिकी के अनुसार, आरोपी उसे अश्लील और धमकी भरे संदेश भेजता था और जब उसके पति को इस बारे में पता चला तो वह आरोपी से इस बारे में बात करने गया। महिला ने आरोप लगाया कि रविवार को वीरेंद्र ने उससे और उसके पति से मारपीट की। पुलिस ने कहा कि वीरेंद्र के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और मामले की जांच की जा रही थी। विधायक बैरवा ने कहा कि यह उनके स्टाफ सदस्य तथा महिला और उसके पति के बीच हाथापाई का मामला था लेकिन महिला ने बलात्कार का मामला दर्ज कराया है। विधायक ने कहा, ''बलात्कार का मामला हाथापाई के बाद दर्ज करवाया गया। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति पर महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है वह उनके अलवर स्थित आवास पर स्टाफ सदस्य के रूप में काम करता है।

## एक और पाकिस्तानी लड़की बनी भारत की दुल्हन, सरहद पार यूं जुड़ा ऑनलाइन रिश्ता; एलईडी पर हुआ प्रसारण



भारत-पाकिस्तान के बीच आजादी के बाद से ही रोटी-बेटी का रिश्ता रहा है. बाद में दोनों देशों के रिश्तों में कड़वाहट आई तो सरहद प्यार होने वाले ऑफलाइन शादी-ब्याह रुक गए. हालांकि टेक्नालजी के इस युग में ऐसी शादियों में वीजा और पासपोर्ट जैसी अड़चनें अब तत्काल असर नहीं डाल पाती हैं, क्योंकि ऑनलाइन शादी होने की वजह से दूल्हा और दुल्हन दोनों पक्षों को कानूनी औपचारिकताएं पूरा करने का अच्छा खासा वक्त मिल जाता है.मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जोधपुर निवासी दूल्हे अरबाज और पकिस्तान के कराची की रहने वाली दुल्हन अमीना ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए निकाह कर लिया है. दोनों का निकाह कबूल होने से एक बार फिर सरहद पार जुड़े रिश्ते की चर्चाएं लोगों की जुबान पर हैं. अरबाज खान पेशे से पेशे से डेस्क टॉप पब्लिशिंग ऑपरेटर और एडिटर (डीटीपी ऑपरेटर) हैं. शादी से पहले भारत आने का वीजा नहीं मिलने के कारण बुधवार को अरबाज और अमीना ने ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए निकाह कबूल कर लिया. ऑनलाइन हुई शादी का एलईडी पर प्रसारण किया गया. अब इस अनोखी शादी की तस्वीरें वायरल हो रही है.निकाह पढ़े जाने से पहले अरबाज ने अपने अरमान पूरे करने में कोई कसर नहीं छोड़ी. उसने अपने परिवार के लोगों और रिश्तेदारों के साथ सेहरा बांधकर बाकायदा घोड़ी पर बैठकर बैंड बाजे के साथ बारात निकाली. नाचते- गाते परिजन जोधपुर स्थित ओसवाल समाज भवन पहुंचे, जहां पर इस ऑनलाइन निकाह की रस्में पूरी हुईं. इस दौरान जोधपुर शहर काजी भी मौजूद रहे.दूल्हे के पिता मोहम्मद अफजल ने बताया कि दोनों मुल्कों के बीच भले ही तनाव रहे, लेकिन रिश्तेदारी तो अक्सर होती ही रहती है. अफजल ने कहा कि अब निकाह हो गया है. जल्द ही हम वीजा के लिए आवेदन करेंगे. वीजा मिल जाएगा तो पाकिस्तान से दुल्हन घर आ जाएगी. उन्होंने कहा कि इस शादी से हमारा पूरा परिवार खुश है.

# लड़का-लड़की राजी हों तो भी नहीं होगा प्रेम विवाह!

## गुजरात में प्यार करने वालों को शादी के लिए लेनी होगी पापा और मम्मी की इजाज़त



जो लोग शादी की संवैधानिक उम्र पार कर चुके हैं उन्हें कानूनी तौर पर अपनी इच्छानुसार किसी से भी शादी करने की इजाजत है। लेकिन ऐसे प्रेम विवाहों से उन माता-पिता को अत्यधिक पीड़ा हो रही है जिन्होंने दसियों वर्षों तक कड़ी मेहनत करके उन्हें प्यार से पाला है। ऐसी घटनाओं से बचने के लिए गुजरात सरकार एक नई योजना लागू करने की सोच रही है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने खुलासा किया कि प्रेम विवाह के कारण होने वाले अनावश्यक विवाद और पीड़ा से बचने के लिए, प्रेम विवाह के लिए माता-पिता की अनुमति को अनिवार्य बनाने की व्यवस्था लाने की समीक्षा की जा रही है।

सीएम भूपेन्द्र पटेल मेहसाणा में पाटीदार समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले 'सरदार पटेल ग्रुप' द्वारा आयोजित बैठक में शामिल हुए। यह बयान माता-पिता की अनुमति से प्रेम विवाह करने की पाटीदार समुदाय की मांग के जवाब में आया है, जिसमें कहा गया है कि यदि संवैधानिक रूप से संभव हुआ तो प्रस्ताव को लागू किया जाएगा।कई युवतियां अपने प्रियजनों से शादी करने के लिए घर से भाग रही हैं। स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेष पटेल ने मुझसे कहा कि हमें इन घटनाओं का अध्ययन करना चाहिए. इसलिए हम इस पर अध्ययन करेंगे कि क्या हम ऐसी प्रणाली लागू कर सकते हैं जो प्रेम विवाह के लिए माता-पिता की सहमति को अनिवार्य बना दे। यदि संवैधानिक रूप से अनुमति दी गई तो हम इसे लागू करने जा रहे हैं।' हम इस समस्या के समाधान के लिए बेहतर परिणाम हासिल करने का प्रयास करेंगे।'

खास बात यह है कि सीएम के प्रस्ताव को विपक्षी कांग्रेस नेताओं का भी समर्थन मिला है। कांग्रेस विधायक इमरान खेड़ावाला ने ऐलान किया है कि अगर सरकार ऐसा कोई बिल विधानसभा में पेश करेगी तो वह उनका समर्थन करेंगे।

हाल के दिनों में प्रेम विवाह के मामले में माता-पिता की राय को नजरअंदाज किया जा रहा है। सरकार प्रेम विवाह के लिए संवैधानिक रूप से अलग व्यवस्था बनाने की कोशिश कर रही है। सीएम ने प्रेम विवाह के लिए माता-पिता की सहमति को अनिवार्य बनाने के लिए एक अध्ययन कराने का वादा किया है। इमरान ने साफ कर दिया है कि अगर विधानसभा सत्र में ऐसा कोई कानून लाया जाता है तो सरकार को मेरा समर्थन होगा।

फिर भी, गुजरात सरकार जबरन धर्म परिवर्तन को दबाने के लिए पहले ही कई कदम उठा चुकी है। शादी के नाम पर धोखाधड़ी से धर्मांतरण पर रोक लगाने वाला कानून बनाया। 2021 में, गुजरात ने धर्म की स्वतंत्रता अधिनियम में कई बदलाव किए, जिसमें जबरन धर्म परिवर्तन के लिए 10 साल तक की जेल की सजा का प्रावधान किया गया। लेकिन गुजरात हाई कोर्ट ने इस विवादास्पद कानून की कुछ धाराओं पर रोक लगा दी है।

# सीमा हैदर ने भारत में रहने देने की लगाई थी गुहार



पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर के भारत आने और भारतीय महिला अंजू के पाकिस्तान जाने के मुद्दे पर पहली बार बयान देते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि वह इस मामले से अवगत हैं और सुरक्षा एजेंसियां इन दोनों ही मुद्दों को देख रही हैं। एएनआई की स्मिता प्रकाश के साथ एक पॉडकॉस्ट में मुख्यमंत्री योगी ने इस प्रश्न का कोई सीधा जवाब नहीं दिया जिसमें सीमा ने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी से भारत में रहने देने की गुहार लगाई थी। मुख्यमंत्री ने सिर्फ यही कहा कि सुरक्षा एजेंसियां इसे देख रही हैं। मुख्यमंत्री से पूछा गया था कि सीमा के यहां आने और अंजू के वहां जाने को जिहाद बताया जा रहा है इस पर आपका क्या कहना है, इस पर मुख्यमंत्री ने सिर्फ इतना कहा कि वह मामले से अवगत हैं।

हम आपको यह भी बता दें कि सीमा हैदर का परिवार आर्थिक दिक्कतों का सामना कर रहा है क्योंकि सचिन मीणा कई दिनों से काम पर नहीं जा पाया है। इस प्रकार की भी रिपोर्टें हैं कि सचिन जिस परचून की दुकान पर काम करता था उस दुकान से उसे हटा दिया गया है और अब इलाके में कोई भी दुकान वाला उसे काम नहीं दे रहा है। दरअसल दुकानदारों को डर है कि सचिन को काम पर रखने से कहीं सुरक्षा एजेंसियां उनसे भी पूछताछ ना करने लग जायें। इस बीच, यह भी खबर है कि सीमा को एक स्थानीय निर्माता ने अपनी फिल्म में काम करने का प्रस्ताव भी दिया है। निर्माता अमित जानी ने कहा है कि यदि सीमा हां करती है तो फिल्म जल्द ही शुरू हो सकती है। हम आपको बता दें कि भारत आने से पहले सीमा अपने डांस और अभिनय के कई वीडियो और रील आदि बनाया करती थी।

दूसरी ओर पाकिस्तान गयी अंजू का एक नया वीडियो सामने आया है जिसमें वह शादी के लिबास में दिख रही है। उसको देखकर साफ पता लग रहा है कि वह अपने पाकिस्तानी प्रेमी नसरुल्ला से निकाह कर चुकी है।

## पीसीएस ज्योति मौर्या होंगी सस्पेंड? नियुक्ति विभाग ने दिए जांच के आदेश



यूपी सरकार की प्रशासनिक अधिकारी ज्योति मौर्या और उनके पति आलोक मौर्या के बीच जुबानी जंग जारी है. होमगार्ड कमांडेंट मनीष दुबे के साथ कथित रिश्तों को लेकर हुए विवादों के चलते सुखियों में आईं पीसीएस ज्योति मौर्या अब नई मुसीबत में घिरने वाली हैं. दरअसल योगी सरकार के नियुक्ति विभाग ने उनके खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं.यूपी के बरेली में तैनात पीसीएस अफसर ज्योति मौर्या के खिलाफ नियुक्ति विभाग ने जांच के आदेश दिए हैं. ज्योति मौर्या के खिलाफ जांच प्रयागराज के कमिश्नर विजय विश्वास पंत करेंगे. आपको बताते चलें कि शासन से आदेश मिलते ही डीसी पंत ने अपने स्तर से जांच के लिए कमेटी का गठन भी कर दिया है. आपको बताते चलें कि ज्योति के पति आलोक मौर्या ने अनियमित लेनदेन संबंधी शिकायतों के बाद ये आदेश जारी हुआ है.मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ज्योति मौर्या के खिलाफ हो रही इस जांच में प्रयागराज के अपर आयुक्त (प्रशासन) की अध्यक्षता में कमेटी का गठन कर दिया गया है. इसमें प्रयागराज के एडीएम प्रशासन और वहीं की एसीएम फर्स्ट को भी रखा गया है.यूपी के प्रशासनिक हलके में उस वक्त भूचाल आ गया था जब प्रयागराज निवासी आलोक मौर्य ने मीडिया को बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी ज्योति मौर्या को पीसीएस अधिकारी बनाने में तन-मन-धन से सहयोग किया, लेकिन ज्योति उनके पीठ पीछे उसे धोखा दे रही थी, क्योंकि उसका अफेयर होमगार्ड कमांडेट मनीष दुबे से चल रहा था. मनीष दुबे के खिलाफ विभागीय जांच पूरी हो चुकी है. वहीं दूसरी ओर ज्योति लगातार कह रही हैं कि आलोक समझौते का दबाव बना रहा है पर वो इसके लिए 50 लाख कैश और अन्य डिमांड रख रहा है.


# कोई सोने से रोकता है तो दर्ज करा सकेंगे मुकदमा, जानें क्या कहता है नियम



अच्छी सेहत और नींद के बीच गहरा कनेक्शन है. डॉक्टर और मेडिकल साइंस इसकी पुष्टि कर चुके हैं. अच्छी नींद के फायदों पर बहुत कुछ लिखा गया है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि भारत में हर नागरिक को गहरी नींद का अधिकार है. क्योंकि यह जीवन का मौलिक अधिकार है. अच्छी नींद लेने का भी आपका फंडामेंटल अधिकार है. इसका सीधा मतलब यह हुआ कि अगर कोई आपको सोने से मना करता है तो आप उस पर केस भी दर्ज करा सकते हैं.संविधान के अलावा देश की सर्वोच्च अदालत भी इस पर अपना स्पष्ट रुख रख चुकी है. सुप्रीम कोर्ट ने जीवन के अधिकार का दायरा बढ़ाकर एक नागरिक के शांति से सोने के अधिकार को अपने अंतर्गत ला दिया है. एक नागरिक को गहरी नींद का अधिकार है क्योंकि यह जीवन का मौलिक अधिकार है. सुप्रीम कोर्ट ने भी एक मामले की सुनवाई के दौरान नींद को बुनियादी मानव अधिकार करार दिया था.

भारत के संविधान अनुच्छेद 21 के 'जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार' के तहत नींद के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी गई है. अनुच्छेद 21 के अनुसार, कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अलावा किसी भी व्यक्ति को उसके जीवन या व्यक्तिगत स्वतंत्रता से वंचित नहीं किया जाएगा.गौरतलब है कि जून 2011 में दिल्ली में बाबा रामदेव की रैली में सो रही भीड़ पर पुलिस के एक्शन की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने ये फैसला सुनाया था कि पुलिस की कार्रवाई से लोगों के मौलिक अधिकार का उल्लंघन हुआ. मनुष्य की मानसिक-शारीरिक सेहत के लिए पर्यापत नींद बेहद जरूरी है. ऐसे में नींद एक तरह से मौलिक और बुनियादी आवश्यकता है. जिसके बिना जीवन का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है. कोर्ट ने नींद को बुनियादी मानव अधिकार बताते हुए यह टिप्पणी की थी.कोर्ट ने पुलिस की इस दलील की भीड़ शांति भंग करने की योजना बना रही थी को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि यह मानना ??कि कोई व्यक्ति सोते समय सार्वजनिक शांति को बाधित करने की योजना बना रहा था. हालांकि कोर्ट ने ये भी कहा इंसान के लिए नींद एक बुनियादी जरूरत है, विलासिता नहीं.

अमेरिकी संविधान और कानून के तहत नागरिकों को फुरसत से बैठने का, सोने का और यहां तक कि चुप रहने का अधिकार है. वहीं किसी मामले की जांच के दौरान संबंधित शख्स के दरवाजे पर दस्तक देना (चाहे दिन में हो या रात में) यानी बिना अदालती आदेश के तलाशी के लिए भी पहुंचना उस व्यक्ति की निजता में घुसपैठ होने के साथ एक नागरिक के मौलिक अधिकार का उल्लंघन माना जाता है.कई देशों ने हवाई अड्डों पर पूरी तरह से रात का कर्फ्यू लगा दिया है यानी उन शहरों में देर रात में लैंडिंग और टेक-ऑफ पर प्रतिबंध है. क्योंकि वहां अच्छी नींद की अवधारणा को अच्छे स्वास्थ्य से जोड़ा गया है.



# पंजाब से यूपी तक क्या है मोदी प्लान?

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साल 2022 का पहला साक्षात्कार जिसमें पीएम मोदी ने विधानसभा चुनाव 2022 समेत कई मुद्दों पर अपनी राय रखी

> "मैं इस चुनाव में सभी राज्यों में देख रहा हूं कि भाजपा के प्रति लहर है, भारी बहुमत से भाजपा जीतेगी। हमें सेवा का मौका इन सभी 5 राज्यों की जनता देगी।

### लखीमपुर हिंसा मामले पर

राज्य सरकार पारदर्शिता के साथ काम कर रही है तभी सुप्रीम कोर्ट की इच्छा के अनुसार सारे निर्णय करती है।

### तमिल भाषा को लेकर

मैं चीन के राष्ट्रपति को तमिलनाडु ले गया, फ्रांस के राष्ट्रपति को उप्र ले गया, जर्मन चांसलर को कर्नाटक ले गया। देश की शक्ति को उभारना, हर राज्य को प्रोत्साहन देना हमारा काम है। यूएन में मैं तमिल में बोलता हूं दुनिया को गर्व होता है कि भारत के पास दुनिया की सबसे पुरानी भाषा है।

### जवाहर लाल नेहरू पर दिए भाषण को लेकर

मैंने किसी के पिता, माता, नाना, दादा के लिए कुछ नहीं कहा। मैंने देश के प्रधानमंत्री ने क्या कहा, वो कहा है।

### पंजाब में सबसे विश्वसनीय पार्टी बीजेपी

आज भाजपा पंजाब में सबसे विश्वसनीय पार्टी बनकर उभरी है। समाज जीवन के बहुत से वरिष्ठ लोग, राजनीति के बहुत बड़े महारथी भी अपने पुराने दल छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं। हमने छोटे किसानों के लिए जो काम किया है, उसकी पंजाब में ज़बरदस्त पहुंच है।

### कांग्रेस पर प्रहार

कांग्रेस की कार्यशैली और विचारधारा के आधार सम्प्रदायवाद, जातिवाद, भाषावाद, प्रांतवाद, भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार हैं। अगर यही इस देश की मुख्य धारा में रहेगा तो देश का कितना बड़ा नुकसान होगा।

### नकली समाजवाद पूरी तरह परिवारवाद है

मैं समाज के लिए हूं परन्तु मैं जो नकली समाजवाद की चर्चा करता हूं ये पूरी तरह परिवारवाद है। लोहिया जी का परिवार कहीं नजर आता है क्या? जॉर्ज फर्नांडिस का परिवार कहीं नजर आता है क्या? नीतीश बाबू का परिवार कहीं नजर आता है क्या?

### परिवारवादी पार्टियां लोकतंत्र का सबसे बड़ा दुश्मन

कुछ नेता निजी स्वार्थ के लिए विविधता को एक दूसरे से साथ विरोध के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। पिछले 50 साल उन्होंने यही किया है, हर बात पर देश को बांटों और राज करो।

### सुरक्षा के लिए यह भरोसा जरूरी

योगी जी की योजनाएं अद्भुत हैं, असंभव को संभव किया है।

